राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 13 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कर्म ज्ञान से अज्ञात मानव, कोई महामानव नहीं केवल अज्ञानी है।"
– भगवत गीता

## मन की बात



"चिंतन करो, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो।"
–स्वामी विवेकानंद

## कटरा से प्रयागराज चलेंगी तीन विशेष ट्रेनें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए माता वैष्णो देवी कटरा से तीन विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी।

# स्वामी विवेकानंद को युवाओं पर बहुत भरोसा था: पीएम

● राजनीति अपने विचारों को लागू करने का सबसे शानदार माध्यम बन सकती है

**संवाद**

▶▶ पीएम मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित भारत युवा नेता संवाद 2025 में भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देश के युवाओं को राजनीति में आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि राजनीति अपने विचारों को लागू करने का सबसे शानदार माध्यम बन सकती है। प्रधानमंत्री ने आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित भारत युवा नेता संवाद 2025 में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता के आधार पर बहुत स्तरीय चयन प्रक्रिया से चुने गए 300 युवा नेताओं से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण, खेल, संस्कृति, स्टार्टअप, बुनियादी ढांचे आदि जैसे विषयों पर प्रेरक प्रस्तुतियाँ सुनीं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केवल बात करने से ही विकसित भारत नहीं बनेगा। हमारे पास 25 साल का स्वर्णिम समय है। इस अमृत काल में आत्मविश्वास से भरी युवा शक्ति ही विकसित भारत का सपना सरकार करेगी। स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें देश के नौजवानों पर बहुत भरोसा था। स्वामी जी कहते थे कि मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, नई पीढ़ी में है। स्वामी जी कहते थे कि उनके कार्यकर्ता नौजवान पीढ़ी से आएंगे और वो हर समस्या का समाधान निकालेंगे। उन्होंने कहा, जैसे विवेकानंद जी का आप पर भरोसा था, मेरा विवेकानंद जी पर भरोसा है, मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है।उन्होंने विकसित भारत का अर्थ समझते हुए कहा कि यह आर्थिक, रणनीतिक, सामाजिक और संस्कृत रूप से सशक्त भारत है। इस विकसित भारत में कमाने और सीखने के भरपूर अवसर होंगे। दुनिया की सबसे बड़ी कौशल जनशक्ति होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और अगले दशक के अंत में यह 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी।



### युवाओं की ताकत से भारत विकसित राष्ट्र बनेगा: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को भारत मंडपम पहुंचे। यहां उन्होंने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में प्रतिभागियों के साथ मुलाकात की। कार्यक्रम बिना किसी राजनीतिक संबंध वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के उनके प्रयासों के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित किया जा रहा है।
कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने युवाओं से 2047 के विकसित भारत के रोड मैप पर उनके विचारों को जानने की कोशिश भी की। भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रधानमंत्री ने युवाओं के साथ महिला सशक्तिकरण, विकसित भारत, डिजिटल भारत, खेलों में श्रेष्ठता जैसे 10 विषयों पर प्रेजेंटेशन भी देखे। कार्यक्रम में देश निर्माण के 10 विषयों पर 2047 में विकसित भारत के लिए उनके विजन को सम्मिलित किया गया।

**'स्वामी जी कहते थे कि मुझे युवा पीढ़ी पर भरोसा है**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद को याद कर रहा है, उन्हें नमन कर रहा है। स्वामी विवेकानंद को देश के युवाओं पर बहुत भरोसा था।
पीएम मोदी ने कहा, 'स्वामी जी कहते थे कि मुझे युवा पीढ़ी पर भरोसा है, नई पीढ़ी पर भरोसा है। स्वामी जी कहते थे, मेरे कार्यकर्ता युवा पीढ़ी से आएंगे... जैसे विवेकानंद जी को आप पर भरोसा था, मुझे भी विवेकानंद जी पर भरोसा है। मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है।' बकौल प्रधानमंत्री मोदी, स्वामी विवेकानंद ने भारत के युवाओं के लिए जो भी सोचा और कहा है, उस पर मुझे पूरी आस्था है।




यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में देश के सबसे छोटे शतरंज खिलाड़ी कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेलकर उत्साह वर्धन किया।

## राष्ट्रपति ट्रम्प के शपथ ग्रहण में विदेश मंत्री होंगे शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पिछले साल 5 नवबंर को हुए अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में निर्वाचित होने वाले डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक ट्रम्प-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री आने वाले प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उस अमेरिका का दौरा करने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठकें भी करेंगे।

## ढाल बनकर झुग्गीवालों के लिए खड़े रहेंगे: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा चुनाव की सियासी जंग हर दिन नए करवट ले रही है। आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार चुनौती दी है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 24 घंटे के अंदर झुग्गीवालों के ऊपर चल रहे सभी केस वापस ले लें और जिनकी झुग्गियां तोड़ी हैं, उनको पुरानी जगह पर दोबारा बसा दिया जाए तो वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। केजरीवाल का दावा है कि ऐसा न होने पर वह चुनाव भी लड़ेंगे और ढाल बनकर झुग्गीवालों के लिए खड़े भी रहेंगे।

**10 साल में भाजपा ने कई झुग्गियां तोड़ी**



केंद्रीय मंत्री अमित शाह के शनिवार झुग्गीवालों से मिलने के दूसरे दिन केजरीवाल ने शकूरबस्ती के रेलवे झुग्गी कैंप में कहा कि बीते 10 साल में भाजपा ने कई झुग्गियों को तोड़ा है। चुनाव नजदीक होने पर अब भाजपा का झुग्गीवालों के प्रति मोह बढ़ता जा रहा है।












# किशोरी की मौत के मामले में दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर निवाड़ी क्षेत्र स्थित सीएनजी पंप के समीप बीते 15 दिसंबर को सड़क हादसे में हुई 17 वर्षीय अंजलि यादव की मौत के मामले में मोदीनगर पुलिस ने मोनू उर्फ साहिल पुत्र गफ्फार व अरमान पुत्र हकीमुद्दीन निवासी ग्राम अबूपुर थाना निवाड़ी को गिरफ्तार कर लिया। हिन्दू जागरण मंच, हिंदू युवा वाहिनी और बजरंग दल व कई सामाजिक संगठन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आंदोलन कर रहे थे। कार्रवाई न होने से संगठनों में आक्रोश था और उन्होंने आगामी 15 जनवरी को मोदीनगर थाने का घेराव करने की चेतावनी दी थी। कार्यवाहक एसीपी मोदीनगर श्वेता यादव ने बताया कि अंजलि यादव के जीजा आकाश कुमार ने बीते 17 दिसंबर को निवाड़ी थाने में मोनू उर्फ साहिल के खिलाफ घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटनास्थल मोदीनगर क्षेत्र का होने के कारण मुकदमा मोदीनगर स्थानांतरित कर दिया गया। मोदीनगर पुलिस ने रविवार को मोनू उर्फ साहिल व उसके साथी अरमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 15 दिसंबर को वह अंजलि को बहला-फुसलाकर बाइक पर अपने साथ ले गए थे। अबूपुर गांव के समीप सीएनजी पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में अंजलि व मोनू और अरमान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था, जहां चिकित्सकों ने अंजलि को मृत घोषित कर दिया था।



**काबू**

▶▶ कार्रवाई न होने से संगठनों में आक्रोश था और उन्होंने आगामी 15 जनवरी को मोदीनगर थाने का घेराव करने की चेतावनी दी थी

**यह था मामला**
बीते 15 को मोदीनगर की बलवंतपुरा कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय अंजलि यादव का लहूलुहान शव दिल्ली-मेरठ मार्ग से बरामद हुआ था। परिजनों ने मोनू और उसके साथी पर अंजलि को अगवा कर हत्या करने का आरोप लगाया था। हिंदू युवा वाहिनी और बजरंग दल ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर मोदीनगर थाने पर प्रदर्शन किया था। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार आंदोलन चल रहा था। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित संगठनों ने 15 जनवरी को मोदीनगर थाने का घेराव करने की चेतावनी देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की।

## जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर गुम हुए 144 मोबाइल किए बरामद, पीड़ितों को वापस लौटाए

**गाजियाबाद।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर गुम हुए 144 मोबाइल बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल के मालिकों को फोन कर रविवार को सुपुर्द किया गया। पुलिस का कहना है कि यह मोबाइल वर्ष 2023 और वर्ष 2024 में गुम हुए थे। पीड़ितों ने इस संबंध में जीआरपी में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मोबाइल बरामद होने के बाद पुलिस ने उनके मालिकों को फोन कर सूचना भी दी है। रविवार को ही कई लोग अपना मोबाइल लेने आ गए।



**मोबाइल तलाशी अभियान चलाया गया:** सीओ जीआरपी सुदेश गुप्ता और इंस्पेक्टर जीआरपी नवरत्न गौतम ने बताया कि लंबे समय से गुम हुए मोबाइल की तलाश का अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान 144 मोबाइल विभिन्न स्थानों से बरामद किए गए हैं, जो मोबाइल बरामद हुए हैं, वह स्टेशन से गुम थे।

**घर पर भेजे जाएंगे मोबाइल :** कुछ मोबाइल ऐसे भी हैं जो चोरी हुए थे। इन मोबाइलों का पता लगाकर उनके मालिकों को सूचना भेजी गई। पुलिस का कहना है कि जो लोग अगले कुछ दिन मोबाइल लेने नहीं आएंगे, उनके मोबाइल कुरियर से भेजे जाएंगे।

## ग्रेटर नोएडा की केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित दुजाना रोड पर एक केमिकल फैक्ट्री में सुबह तकरीबन साढ़े तीन बजे आग लग गई। आग की सूचना पर दमकल के साथ पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। दमकल की 32 गाड़ियों ने घटनास्थल पहुंचकर आग पर काबू पाया। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि रविवार तड़के तकरीबन 3 बजकर 35 मिनट पर 112 पर फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। तत्काल सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आग दुजाना रोड पर स्थित श्री बांके बिहारी केमिकल प्लांट में लगी थी त्वरित कारवाई करते हुऐ फायर सर्विस यूनिट घटना स्थल पर रवाना हुई।

# दो लड़कियों ने फांसी लगाकर दे दी जान, इलाके में मची सनसनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**साहिबाबाद।** ट्रांस हिंडन जोन के साहिबाबाद और शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर दो किशोरियों ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, लेकिन मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया है। पुलिस को कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

**पिता की डांट से नाराज किशोरी ने लगाया फंदा**
साहिबाबाद कोतवाली क्षेत्र की राजबाग कालोनी के गली नंबर पांच में रहने वाले एक व्यक्ति की 14 वर्षीय बेटी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान वह रिक्शा लेकर काम पर गए थे। पत्नी अपने काम पर गई थीं। वह घर पहुंचे तो फंदे से उतारकर बेटी को पास के अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**जांच पड़ताल**

▶▶ सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, लेकिन मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ

ज्यादा घूमने पर पड़ी थी डांट
सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूछताछ में पिता ने बताया कि वह पुरानी सीमापुरी के सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा थी। बाहर ज्यादा घूमने पर उन्होंने डांट दिया था।मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**फंदा लगाकर की आत्महत्या:** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में शिव चौक के पास गणेशपुरी में एक 16 वर्षीय किशोरी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान दंपती काम पर गए थे। पड़ोसियों ने देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए, कुत्ते के बिस्तर पर सुलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**हापुड़ :** हापुड़ में दहेज में 20 लाख रुपयों की मांग पूरी न होने पर पति ने विवाहिता के साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए। विवाहिता को भूखा प्यासा रखकर उसे कुत्ते के बिस्तर पर सुलाया गया। इसके बाद पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया गया। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में नगर के दिल्ली रोड स्थित मोहल्ला अर्जुन नगर निवासी महिला ने बताया कि 23 फरवरी 2023 को उसकी शादी मोहल्ला न्यू शिवपुरी निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद आरोपियों ने दहेज में 20 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर पति पीड़िता को तलाक की धमकी देने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसे भूखा-प्यासा रख कर प्रताड़ित करना व कमरे में बंधक बनाना शुरू कर दिया।




पति के किसी महिला से अवैध संबंध हैं। जिसके चलते वह कई-कई दिनों तक घर से बाहर रहता था। मांग पूरी न होने पर पति ने अप्राकृतिक यौन संबंध बनाकर उसे शारीरिक व मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया। पति घर के पालतू कुत्ते को बिस्तर पर अपने साथ सुलाता था। करीब छह माह पहले आरोपियों ने पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह मायके में रह रही है।

मामले में एसपी से शिकायत करने पर पुलिस ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई। जिसमें पति व सास ने दोबारा उसे प्रताड़ित न करने का भरोसा दिलाकर फैसला कर दिया।

दस दिन के अंदर उसे ससुराल ले जाने की बात को लेकर समझौता नामा लिखा था। मगर, वह उसे ससुराल नहीं ले गए। छह जनवरी को पीड़िता स्वयं अपनी ससुराल पहुंची। इस पर आरोपियों ने उसे बेरहमी से पीटा और धक्के मारकर घर से निकाल दिया। एसपी ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि मामले में विवाहिता के पति व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# पिता से नाराज छात्रा ने फांसी लगाकर दे दी जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के राजबाग कॉलोनी निवासी एक रिक्शा चालक की 14 वर्षीय बेटी का शव शनिवार रात फंदे पर लटका मिला। किशोरी कक्षा आठ की छात्रा थी। काम से लौटे परिजनों ने जब छात्रा को फंदे पर लटका देखा तो उतारकर ईएसआईसी अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों से शुरूआती पूछताछ में छात्रा को घर से बाहर घूमने पर डांट पड़ने और उसके कुछ देर बाद आत्महत्या करने की बात सामने आई है। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि छात्रा के पिता रिक्शा चलाते हैं और मां घरों में काम करती है। 14 वर्षीय किशोरी दिल्ली के एक सरकारी स्कूल में 8वीं की छात्रा थी।

**जांच जारी**

▶▶ काम से लौटे परिजनों ने जब छात्रा को फंदे पर लटका देखा तो उतारकर ईएसआईसी अस्पताल ले गए

पूछताछ में पता चला कि शनिवार रिक्शा चालक ने बेटी को ज्यादा देर तक घर से बाहर घूमने पर डांट लगाई थी। इसके बाद काम पर चले गए थे। कुछ देर बाद छात्रा की मां भी काम पर चली गई। वहीं, छात्रा की दोनों बड़ी बहनें और भाई भी अपने-अपने काम पर गए हुए थे। रात करीब आठ-नौ बजे के बीच जब रिक्शा चालक व उसकी पत्नी घर लौटे तो दुपट्टे के सहारे छात्रा का शव फंदे पर लटका देखा।

# नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश, इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर करते थे ठगी

## फेज वन थाना पुलिस टीम ने सेक्टर दो से पकड़ा कॉल सेंटर, सेक्टर 20 थाना क्षेत्र में शोरूम से चोरी सोने की जांच में में मिले थे इनपुट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** फेज वन थाना पुलिस टीम ने सेक्टर दो में लोन दिलाने, इंश्योरेंस पॉलिसी व निवेश के नाम पर ठगने वाले फर्जी कॉल सेंटर का शनिवार को पदार्फाश किया। सरगना और दो महिलाओं समेत आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया।

**500 से ज्यादा लोगों से 6 करोड़ की ठगी कर चुके हैं आरोपित**
सेक्टर 20 थाना क्षेत्र के शोरूम से चोरी सोने की जांच से मिले इनपुट से पुलिस आरोपितों तक पहुंची। कई माह से संचालित सेंटर के ठग 500 से ज्यादा लोगों से छह करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं। डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि सेक्टर 20 व फेज वन थाना पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से सेक्टर दो स्थित बिल्डिंग में वीएचए इन्वेस्टर नाम से चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश किया। मौके से आठ आरोपितों को दबोचा।

**बीटेक, एमए और बीएड पास हैं युवक**
आरोपितों की पहचान बिहार दरभंगा व सेक्टर 19 के गणेश ठाकुर, पश्चिम बंगाल वर्धमान के प्रभाष झा, मनीष कुमार झा, दिल्ली कॉलकाजी गिरी नगर के परवेज आलम, कानपुर देहात के शुभम यादव, बनारस मानस नगर के ज्ञानेंद्र, एटा नंगला तुला की शबनम व इटावा छितौनी की अराधना के रूप में हुई। सभी हाल में नोएडा और दिल्ली में रह रहे हैं। आरोपित बीए, बीबीए, इंटरमीडिएट, बीटेक, एमए व बीएड पास हैं। इनसे 17 मोबाइल, सीपीयू, चार रजिस्टर, 21 एटीएम कार्ड, पांच वोटर आईडी कार्ड, छह आधार कार्ड, तीन पेन कार्ड, एक डीएल, जीएसटी व पंजीकरण प्रमाणपत्र, रेंट एग्रीमेंट व 2,660 रुपये बरामद हुए। गणेश गिरोह का सरगना है जबकि मनीष व प्रभाष साझेदार हैं। अन्य प्रतिशत पर रखे हुए थे।



**फर्जीवाड़ा**

▶▶ इनपुट से पुलिस आरोपितों तक पहुंची। कई माह से संचालित सेंटर के ठग 500 से ज्यादा लोगों से छह करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं

**आसान शर्तो पर लोन के नाम पर करते थे ठगी**
एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया पूछताछ में बताया कि विभिन्न माध्यमों जैसे जस्ट डायल से लोन व इंश्योरेंस वाले लोगों का डाटा प्राप्त करते हैं। विभिन्न बैंकों का कर्मचारी बताते हुए अपने-अपने नाम शबनम-पूजा शर्मा, अराधना-रिंकी वर्मा, गणेश-सुरेश आदि नाम बताकर कॉल करते। वाट्सएप पर मैसेज कर संपर्क करते। आसान शर्तो पर लोन, इंश्योरेंस कराने का विश्वास दिलाकर लोगो से 10-15 प्रतिशत धनराशि ऐंठ लेते थे। लोन भी उपलब्ध नही कराते थे और संपर्क बंद कर लेते थे। टैक्स, आरबीआई व इरडा के दस्तावेज भेजकर भी धनराशि ऐंठी जाती थी। कुछ ग्राहकों को उनका पैसा शेयर बाजार में निवेश करना भी बताया जाता था। आरोपित आरबीआई व भारत सरकार से संबंधित प्रपत्रों को भेजकर विश्वास जीतते थे। नोएडा सेक्टर 18 स्थित रघुनंदन ज्वैलर्स के सेल्समैन नरेश कुमार से एक करोड़ रुपये पश्चिम बंगाल के फर्जी खाते में डलवाये गये थे। इनके पास से मिले दो बैंक खातों के अलावा हजारों ग्राहकों के डाटा से जानकारी जुटाई जा रही है। उधर, एक अन्य मामले में सेक्टर 63 थाना क्षेत्र के डी ब्लॉक स्थित एफआई इन्फोसाल्यूशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी परिसर से 42 मोबाइल चोरी हो गए। कंपनी प्रतिनिधि की ओर से प्रबंधक व स्टोर प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।
कपंनी प्रतिनिधि विनोद सिरोही ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी में राजेश राय प्रबंधक व राकेश मंडल स्टोर प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।

# हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, हत्या के उपयोग में किया डंडा बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** मधुबन बापूधाम थाना पुलिस ने हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से हत्या में उपयोग किए डंडे को भी बरामद किया है। गाजियाबाद के पास थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक गली नं-2 में रहने वाली राजेश्वरी ने तहरीर दी। राजेश्वरी मूलरूप रूप से मेरठ के जानी थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं। वह गाजियाबाद में सचिन के मकान में किराये पर रहती हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने टीमे गठित कीं। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। गहन विश्लेषण मैनुअल इंटेलिजेंस, गहन पूछताछ और अन्य सूत्रों से जानकारी कर घटना का खुलासा किया गया। मामले में रविवार को एक अभियुक्त को सदरपुर गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है।




# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आदर्श नगरः रामगढ़ गांव में कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने किया जनसंपर्क

- शिवांक सिंघल ने सुनीं लोगों की समस्याएं, जनता से किए हर वादे को करूंगा पूरा
- पोते शिवांक सिंघल के साथ मंगत राम सिंघल कर रहे कदमताल, साध रहे केजरीवाल पर निशाना











**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा चुनाव में विभिन्न पार्टी के प्रत्याशियों ने जनता के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। डोर-टू-डूोर कैंपन, जनसंपर्क अभियान के साथ बैठकों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में आर्दश नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में अपनी सरगर्मियां बढ़ा दी है। कड़कड़ाती ठंड में दादा और कांग्रेस के दिग्गज नेता मंगत राम सिंघल के अनुभव में लोगों के बीच अपनी बात रख रहे हैं।

**जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता का मिल रहा प्यार**

शिवांक सिंघल ने पार्टी से टिकट मिलने के बाद ही जनता के बीच अपनी मौजदूगी दर्ज करानी शुरू कर दी है। पदयात्रा के साथ-साथ डोर-टू-डोर अभियान कर लोगों से समर्थन की अपील कर रहे है। जनता भी शिवांक सिंघल को अपना भरपूर प्यार दे रही है। साथ ही अपने बीच पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल को पाकर क्षेत्रीय जनता में भी काफी खुश है। हर कोई शिवांक सिंघल और मंगत राम सिंघल का फूल-मालाओं से जहां स्वागत कर रहे वहीं जनसमर्थन का भी वादा कर रहे हैं।

**केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में लगाई घोटाले की झड़ीः** जनसंपर्क के दौरान पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने आम आदमी पार्टी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने सिर्फ घोटाले किए। आबकारी नीति घोटाला, स्कूल घोटला, दिल्ली जल बोर्ड में घोटाला और तो और अपने लिए 53 करोड़ का शीशमहल बनवाया। मंगत राम सिंघल ने कहा कि कांग्रेस ने शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को जेल भेजवाया। कांग्रेस ने आबकारी नीति पर सवाल उठाए था। आज केजरीवाल किस मुंह से विकास की बात करते हैं। दिल्लीवासियों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। लोग खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं। केजरीवाल सिर्फ और सिर्फ भ्रामक बाते करत हैं। अब केजरीवाल घरों में नलों से पानी पहुंचाने के लिए और पांच साल मांग रहे हैं। पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने कहा कि दिल्ली की जनता इस बार दिल्ली की सत्ता से केजरीवाल एंड कंपनी को बेदखल करने के ठान लिया है।

**लोगों से घर घर जाकर जनसंपर्क कर रहे शिवांक सिंघल :** कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल ने डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस ही दिल्ली का विकास कर सकती है और कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती है। क्षेत्र की जनता कांग्रेस की कार्यशैली से भली-भांति वाकिफ है। दिल्ली की वर्तमान सरकार ने पिछले 12 वर्षों से दिल्ली में विकास कार्य के नाम पर सिर्फ जुमले दिए। आज दिल्ली की सभी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन से लेकर दिल्ली जल बोर्ड में भारी घोटाला हो रहा। शिवांक ने कहा कि कांग्रेस ने ही दिल्ली में विकास कार्य किया है और मैं आपसे वादा करता हूं कि आपके समक्ष मैं जो भी वादा करूंगा, उसको चुनाव जीतने के बाद अमलीजामा पहनाउंगा। शिवांक सिंघल ने जनसंपर्क के दौरान लोगों की समस्याओं से वाकिफ हुए और आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निवारण होगा।





## सड़क हादसे मामले में ऑडी कार का ड्राइवर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस ने अनियंत्रित तेज रफ्तार ऑडी कार से टक्कर से मौत में आरोपी कारचालक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। दक्षिण पश्चिमी जिला के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी की पहचान 25 वर्षीय पारस पठानिया के रूप में हुई है। वह दिल्ली में पुष्कर एन्क्लेव, पश्चिम विहार स्थित फ्लैट संख्या 24 में रहता है। इससे पहले वह 2018 से 2024 तक कनाडा में रहता था। साल 2024 में वह दिल्ली वापस लौटा है।

## केजरीवाल द्वारा सीएम फेस बताए जाने पर रमेश बिधूड़ी ने तोड़ी चुप्पी

### पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है, मेरा किसी भी पद के लिए कोई दावा नहीं है। लगातार अरविंद केजरीवाल ने मेरे संदर्भ में भ्रामक दुष्प्रचार शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा** चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कालकाजी सीट से उम्मीदवार बनाए गए रमेश बिधूड़ी को आप के राष्ट्रीय संयोजन अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा का मुख्यमंत्री का चेहरा बताया था। इसके बाद काफी बातें होने लगी थीं। इसके अगले ही दिन (रविवार) रमेश बिधूड़ी ने एक पत्र जारी कर अपनी स्थिति साफ कर दी है। रमेश बिधूड़ी ने पत्र में लिखा है, मैं, भारतीय जनता पार्टी का एक निष्ठावान कार्यकर्ता हूं। पार्टी ने निरंतर मुझे आशीर्वाद दिया है और मेरे ऊपर भरोसा भी जताया है। लगातार पच्चीस वर्षों से प्रमुख दायित्वों पर रहते हुए पार्टी ने मुझे दो बार सांसद एवं तीन बार विधायक बनाया और चौथी बार भी आपके दरवाजे पर आने का मौका दिया है। पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है, मेरा किसी भी पद के लिए कोई दावा नहीं है। लगातार अरविंद केजरीवाल ने मेरे संदर्भ में भ्रामक दुष्प्रचार शुरू किया है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं किसी भी पद का दावेदार नहीं हूं। आपके आशीर्वाद से मैं जनता की सेवा में समर्पित हूं। हम मूलमंत्र है-तन समर्पित, मन समर्पित और यह जीवन समर्पित, चाहता हूं देश तूझे और दूं-और दूं। अरविंद केजरीवाल मेरे संदर्भ में घोषणा करके यह मान चुके हैं कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आ रही है 'और उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली, क्योंकि यह जगजाहिर है कि दिल्ली की जनता में उनके प्रति व्यापक नाराजगी है। जनता शराब घोटाले, शिक्षा घोटाले, स्वास्थ्य घोटाले, शीशमहल घोटाले सहित टूटी सड़के, गंदा पेयजल आदि से निजात पाना चाहती है।












## न्यूज फ्लैश

### यूरोप भेजने के नाम पर 4.50 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**


**करनाल।** जिले में यूरोप भेजने के नाम पर 4.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। युवक का आरोप है कि एजेंट ने उसे यूरोप भेजने का वादा किया और इसके एवज में पैसे हड़प लिए। पहले तो आरोपी उसे वैध तरीके से विदेश भेजने की बात कर रहा था, लेकिन बाद में उसने अवैध तरीके से विदेश भेजने की बात कही। ठगी के बाद जब युवक ने पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। असंध के अरड़ाना निवासी साहिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसने यूरोप जाने के लिए एजेंट जोगा सिंह से संपर्क किया था। आरोपी कुरुक्षेत्र के ईशरगढ़ का रहने वाला है। आरोपी ने उसे 7 दिसंबर 2023 को दिल्ली एयरपोर्ट से केन्या भेज दिया। पीड़ित के मुताबिक उसने इस यात्रा के लिए 2.70 लाख रुपये चुकाए थे। इसमें से 2.20 लाख रुपए केन्या पहुंचकर इमिग्रेशन अधिकारी को देने थे, जबकि बाकी 50 हजार रुपए एजेंट के फोनपे अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। इन सभी ट्रांजेक्शन के सबूत भी पुलिस को दिए गए हैं। पीड़ित ने आगे बताया कि एजेंट ने जर्मनी की टिकट बुक कराने के नाम पर 50 हजार रुपए मांगे, जो उसने 2 फरवरी 2024 को एजेंट के साले राज सिंह के खाते में जमा करा दिए। इसके बावजूद टिकट नहीं मिला। इसके बाद एजेंट ने एक लाख रुपए और मांगे, जो पीड़ित ने 14 मार्च 2024 को बैंक में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी उसे यूरोप नहीं भेजा गया।

पीडित ने कहा कि एजेंट ने बाद में उसे दो नंबर (अवैध तरीके) से यूरोप भेजने का झांसा दिया और 9 अप्रैल 2024 को 33 हजार 500 रुपए फिर से गूगल पे के जरिए वसूल लिए। कुछ समय बाद, 8 मई 2024 को साहिल को वापस भारत भेज दिया गया। ठगी के बाद पीड़ित को करनाल बुलाकर 4.50 लाख रुपये का चेक दिया गयाए जो सिमरन ट्रेडिंग कंपनी के नाम से था। पीडित को कहा गया कि एक हफ्ते बाद चेक बैंक में लगाएं। जब उसने चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद जब पीड़ित ने एजेंट से संपर्क किया तो उसने पैसे देने से इनकार कर दिया। जब पीड़ित ने एजेंट के पिता मुख्तियार सिंह से शिकायत की तो उसने अपने बेटे और साले के गिरोह का हवाला देते हुए धमकाया। उसे बताया गया कि वह कुछ भी कर ले, उन्हें जेल से भी उठवा लिया जाएगा। इसके बाद साहिल ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। साहिल की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। जांच अधिकारी एसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

डीपीआईआईटी ने जेके सीमेंट के साथ की साझेदारी

### डीपीआईआईटी ने प्रोडक्ट स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स और एंटरेप्रेन्योर्स को बढ़ावा देने के लिए जेके सीमेंट के साथ हाथ मिलाया

गुरुग्राम। डिपार्टमेन्ट फॉर प्रोमोशन ऑफ इंडस्ट्री एण्ड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा ग्रे एवं व्हाईट सीमेंट के अग्रणी निमार्ता जेके सीमेंट ने इनोवेशन को बढ़ावा देने, उद्यमियों को सशक्त बनाने तथा भारत के मैनुफैक्चरिंग सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर



हस्ताक्षर किए हैं। डीपीआईआईटी के अनुसार प्रोडक्ट स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स एवं एंटरेप्रेन्योर्स को बढ़ावा देकर भारत को ग्लोबल मैनुफैक्चरिंग हब के रूप में बदलना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है। यह साझेदारी जेके सीमेंट के तहत आधुनिक बुनियादी सुविधाएं, अत्याधुनिक निर्माण एवं आर एण्ड डी सुविधाएं, मेंटरशिप के अवसर, पायलट परियोजनाएं और युनिवर्सिटी संसाधन उपलब्ध कराएगी। जेके सीमेंट की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री माधवकृष्णा सिंघानिया, जॉइन्ट मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जेके सीमेंट ने कहा, डीपीआईआईटी के साथ साझेदारी राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हम एक साथ मिलकर ऐसे अनुकूल एवं प्रतिस्पर्धी मैनुफैक्चरिंग सिस्टम का निर्माण करना चाहते हैं, जो भारत को आत्मनिर्भर एवं इनोवेशन-उन्मुख अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देगा। यह साझेदारी सुनिश्चित करेगी कि भारत का मैनफैक्चरिंग सिस्टम अप्रत्याशित उंचाईयों तक पहुंच सके, देश में आर्थिक समृद्धि एवं तकनीकी प्रगति को बढ़ावा दिया जा सके। इस एमओयू के स्टार्टअप्स के अनुकूल पहल बताते हुए श्री संजीव सिंह, संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी ने कहा, स्टार्टअप्स एवं इनोवेटर्स के लिए अनुकूल माहौल के निर्माण हेतु जेके सीमेंट के साथ यह साझेदारी सही दिशा में सही कदम है। डीपीआईआईटी और जेके सीमेंट ने ऐसे भविष्य की परिकल्पना की है जहां भारत इनोवेशन, स्थायित्व एवं आर्थिक मजबूती के साथ मैनुफैक्चरिंग के लिए ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित हो सकेगा।

# भारत को विश्व गुरु बनाने का सबसे बड़ा फार्मूला शिक्षक के हाथ में: महिपाल

## प्रदेश में शिक्षकों के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा जगत में नई क्रान्ति का सूत्रपात किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने का सबसे बड़ा फार्मूला शिक्षक के हाथ मे है। इस फार्मूले के तहत शिक्षक को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जन-जन तक पहुंचाने की कमान संभालनी होगी। इस प्रदेश में शिक्षकों के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा जगत में नई क्रान्ति का सूत्रपात किया जाएगा। इसका आगाज स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के तीन अन्य जिलों से किया गया है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में हरियाणा शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय



शिक्षा नीति-2020 के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत भारतीय शिक्षा, संस्कार, मूल्य और आपके सुझाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। इससे पहले शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, हरियाणा स्कूल शिक्षा के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के वाईस चेयरमैन प्रो. सुरेन्द्र गक्खड, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और श्रीमद्भगवद्गीता सदन में दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से संगोष्ठी का शुभारंभ किया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने प्रदेशवासियों को स्वामी विवेकानंद जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश देश में राष्ट्रीय

**शिक्षा नीति**

▶▶ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के तीन अन्य जिलों से किया गया

शिक्षा नीति लागू करने वाला राज्य होगा। इस प्रदेश में वर्ष 2025 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खामियों को दूर करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक वर्ग, नागरिक से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस शिक्षा नीति को लागू करने में अहम् योगदान शिक्षक का होगा।

## भगवान श्री राम का प्रथम प्राण प्रतिष्ठा दिवस मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**आज** बाणगंगा तीर्थ गांव दयालपुर अभिमन्यु पूर मंडल माननीय पूर्व मंत्री श्री सुभाष सुधा जी हरियाणा सरकार के मार्गदर्शन में थानेसर विधानसभा कुरुक्षेत्र में अयोध्या राम मंदिर प्रथम प्राण प्रतिष्ठा दिवस को मनाया गया सुबह 9:00 बजे हवन किया गया उसके पश्चात सुंदरकांड का पाठ किया गया और हलवे का प्रसाद वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में ब्लॉक समिति प्रतिनिधि राम मेहर आचार्य जी , भाजपा कुरुक्षेत्र जिला उपाध्यक्ष अनु मालयान जी ,विश्व हिंदू परिषद से सुल्तान नेत्रदानी जी , प्रो . राकेश जी बजरंग दल विभाग संयोजक, भाजपा शक्ति केंद्र प्रमुख पंडित बाबूलाल शुक्ला जी, एडवोकेट धर्मवीर भूरा किरमच, बूथ पालक जय नारायण जी, दीपक योगी जी, पंचायत मेंबर जयपाल बैरागी जी, राम भगत अनिल कुमार जी,बीएलए कदम जी, पंडित राजीव शर्मा जी, सरपंच सीमा देवी जी और उनके पति श्री सुरेश कुमार जी, भाजपा दयालपुर शक्ति केंद्र प्रमुख अजमेर सिंह जी, वह गांव से बहुत से अन्य राम भगत भी शामिल हुए । इस प्रोग्राम में गांव से बहुत सी महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

## हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा योग आयोग पंचकूला के निदेर्शानुसार तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन में आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान 2025 की शुरूआत जिला करनाल में की गई। जिला में कार्यरत योग सहायकों तथा योग इंस्ट्रक्टर्स ने आज इस कार्यक्रम का सभी ब्लॉकों में आयोजन किया गया। हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी तथा आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि जिला करनाल में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से लेकर 12 फरवरी, महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक सम्पन्न किया जाएगा।

# बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में गहराई से बताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**आर्य** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन पानीपत ट्रैफिक पुलिस कोऑर्डिनेटर कर्मबीर का स्कूल में पहुंचने पर कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वर्मा ने पौधा देकर स्वागत किया। सुबह की गतिविधि में कर्मबीर ने बच्चों को ट्रैफिक नियमो के बारे में गहराई से बताया। ट्रैफिक के नियमो को समझाते हुए सुझाव दिया कि हमेशा सड़क पर सावधानी से चलना चाहिए और ट्रैफिक नियमो का पालन करना चाहिए। हर मा बाप के लिए उसकी संतान अनमोल होती है और नियमो का पालन करके सड़क दुर्घनाग्रस्त घटनाओ को रोकना है।




दोपहर की गतिविधि में ट.ऊऊ डक्ष्र क्ठउक्ष्अ की तरफ से जिला समन्व्यक श्री संजय कुमार और विक्टिम स्पोर्ट कोऑर्डिनेटर काजल देवी का स्कूल पहुंचने पर कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण वर्मा जी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।काजल ने बच्चों को पोस्को एक्ट,बाल मजदूरी और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के बारे में गहराई से जानकारी दी ।

संजय और काजल ने बच्चों को अपने घर ,समाज और पड़ोस में होने वाली हर गतिविधि को जानने और पहचानने के लिए बारीकी से समझाया ताकि हर बच्चे को अपने शरीर और समाज के बारे में जानकारी हो। समाज मे फैली

**जागरूक किया**

▶▶ ट्रैफिक के नियमो को समझाते हुए सुझाव दिया कि हमेशा सड़क पर सावधानी से चलना चाहिए

बुराइयों को दूर करने के लिए सही जानकारी होना बहुत जरूर है। कार्यकम अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि अगर हम सभी को समाज मे बदलाव लाना है तो हम सभी को अपनी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ना होगा। देश को आगे बढ़ाना है और बदलाव लाना है तो सबसे पहले खुद में बदलाव लाना होगा और जो ये सामाजिक बुराईया है।

## लिफ्ट लेकर की सिक्योरिटी गार्ड से लूटपाट



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में काछवा रोड पर पश्चिमी यमुना नहर के पास एक युवक से लिफ्ट लेकर लूटपाट का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं बदमाशों ने युवक की छाती, पैर और हाथ पर चार बार चाकू से वार किया और उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर मौके से फरार हो गए। होश में आने पर पीड़ित ने अपने दोस्तों को फोन किया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गोंदर गांव निवासी संदीप ने बताया कि अशोक उसका चचेरा भाई है। वह फिलहाल कैथल पुल के पास बालाजी कॉलोनी में रहता है और कई सालों से कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम कर रहा है। कल यानी शनिवार को रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी ड्यूटी खत्म करके अपने घर की तरफ जा रहा था।

# जरूरतमन्द की सेवा भगवान की सेवा: प्रवीण जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

समाज सेवा संगठन की ओर से 12 जनवरी रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर धर्मशाला जगजीवन राम कालोनी में आस पास के जरूरत मन्द बच्चों महिलाओं को गर्म सूट जैकेट शाल वितरण अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि राजीव जैन समाज सेवी ने की अतिथि ने कहा संगठन सर्दी के मौसम में जरूरत मन्द को गर्म कपड़े अभियान चलाया हुआ है जो बहुत ही काबिले तारीफ है हम सबको सहयोग करना चाहिए । संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने



बताया संगठन ने 8 दिसम्बर को गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत की थी । उसी कड़ी में आज जगजीवन राम कालोनी डॉ भीमराव अंबेडकर धर्मशाला में आस पास की कालोनी के जरूरत मन्द बच्चों महिलाओं को गर्म सूट जैकेट शाल वितरण की जैन ने कहा आस पास लेवर रहती है। जिनका इतना जुगाड नहीं होता बच्चों की सभी ख्वाइश पूरी कर सके सर्दी बहुत ज्यादा हो रही हैं हम सबका

**अभियान**

▶▶ मकर संक्रांति तक चलेगा और देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभियान की राह पर चल रहा है

फर्ज बनता है। जरूरत मन्द का सहयोग करें और ये अभियान 14 जनवरी मकर संक्रांति तक चलेगा और देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभियान की राह पर चल रहा है संगठन जिस किसी साथी की नॉलेज में ऐसा कोई परिवार हो जिसको गर्म कपड़ों की जरूरत है। 9812863034 पर संपर्क करें हमारी कोशिश होगी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जरूरत के गर्म कपड़े वितरण कर सके सर्दी बहुत ज्यादा है खुल्ले आसमान के नीचे झुग्गी झोपड़ी में बच्चे रहते है और स्लिम बस्तियों में मजदूरों के छोटे छोटे बच्चे रहते हैं जिनका इतना जुगाड नहीं होता जो सभी जरूरत पूरी कर सके हम सबका फर्ज बनता है जितना हो सके हम सहयोग करे नर सेवा ही नारायण सेवा है।

# बदमाशों ने ज्वैलर्स से मांगे 50 लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** यमुनानगर के गोलानपुर में करनाल एसटीएफ टीम पर फायरिंग करने वाले बदमाश लॉरेंस गैंग से जुड़े काला राणा के शूटर हैं। इन बदमाशों ने 7 जनवरी को घरौंडा में जेएमडी मोबाइल शोरूम पर फिर फायरिंग की थी। इसके अलावा राज ज्वेल्र्स से रंगदारी मांगने में भी ये लोग शामिल हैं। बता दें कि शनिवार को करनाल एसटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि गोलानपुरा इलाके में दो शार्प शूटर मौजूद हैं। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान टीम और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई और करीब 20 राउंड गोलियां चलीं। फिर जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश अर्जुन पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरे बदमाश हिमांशु को भी मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

घायल बदमाश को उपचार के लिए सिविल अस्पताल यमुनानगर के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आज पुलिस टीम आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी। उल्लेखनीय है कि घरौंडा सर्विस रोड पर पुलिस थाने से करीब 200 मीटर दूर जेएमडी मोबाइल शोरूम पर 28 अक्टूबर को बाइक सवार दो बदमाशों ने गोलियां चलाई थी। इसके बाद शोरूम के मालिक से रंगदारी मांगी गई। पुलिस ने उसे सुरक्षा दे दी। इसके बाद कुरुक्षेत्र की सीआइए टीम ने उन बदमाशों को घरौंडा से ही मुठभेड़ के दौरान काबू कर लिया, लेकिन अब दोबारा सात जनवरी के करीब हिमांशु व अर्जुन ने दोबारा नेशनल हाईवे के फ्लाईओवर से उसी शोरूम के बाहर फायरिंग की थी। करनाल एसटीएफ के इंचार्ज दीपेंद्र राणो ने बताया कि शनिवार को यमुनानगर के मुलाना निवासी हिमांशु व अर्जुन को मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया गया है। इस दौरान अर्जुन की टांग में गोली लगी है। इन बदमाशों ने कुछ दिनों पहले करनाल के एक राज ज्वैलर्स से रंगदारी मांगी थी।

## रेलवे स्टेशन के सामने पार्किग को खोला जाए-एडवोकेट अंकित गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने रेलवे स्टेशन पर खाली पड़ी बंद पार्किंग को खोलने की मांग की। गुप्ता ने कहा कि यह पार्किंग पिछले कुछ समय से बंद पड़ी हुई है, जिससे धर्मशाला में ठहरने वाले तथा रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को बहुत परेशानी हो रही है। पार्किंग के होते हुए भी लोग अपनी गाड़ियां सड़कों पर खड़े करने के लिए मजबूर है । उन्होंने कहा जबकि यह पार्किंग पहले खुली हुई थी।

# पंजाबी अध्यापकों का प्रतिनिधिमंडल कुलदीप सिंह से मिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज हरियाणा के पंजाबी अध्यापकों के एक प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात, पंजाबी अध्यापक एवं भाषा प्रचार समिति, हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हरजीत सिंह गिल के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के पंजाबी विभाग के चेयरमेन डा. कुलदीप सिंह से हुई। इस बैठक में स्कूली शिक्षा में पंजाबी अध्ययन एवं अध्यापन में आने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों पर बहुत खुलकर चर्चा हुई। हरियाणा में पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा मिलने के बावजूद जमीनी स्तर पर इसे उचित अधिकार नहीं दिया गया है। डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि पंजाबी भाषा का विकल्प बनाए



गए वोकेशनल विषय (ठरदक्र्) से न केवल स्कूलों को बल्कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को भी भारी नुकसान हो रहा है। इस समस्या के समाधान पर बहुत गंभीरता से चर्चा की गई। इसके अलावा त्रिभाषा फामूर्ला, स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या, विषय में आ रही नई तकनीकों, नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार आ रहे बदलाव और पंजाबी विषय में रोजगार की संभावनाओं पर भी गंभीर चर्चा हुई। इस बैठक में टीजीटी से पीजीटी पंजाबी के पद पर पदोन्नत हुए साथी नारायण सिंह खैरा ने मिठाई बांटकर अपनी पदोन्नति की खुशी साझा की। आज की बैठक में राज्य सहसचिव इंद्रजीत सिंह,

कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष जगदीप सिंह, गुरनाम सिंह, नारायण सिंह, हरविंदर सिंह, मेहरबान सिंह व जसबीर कौर मौजूद रहे। तीन घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में सभी विद्वान साथियों ने हर समस्या और चुनौती पर खुलकर अपने विचार साझा किए। इस बैठक का निष्कर्ष ये निकला कि आज पंजाबी विषय के सामने जो भी समस्या है, चाहे वह किसी भी स्तर पर हो, उसका समाधान स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के आपसी सहयोग से ही संभव है।

# अमेरिका से 20 लाख में मंगाया बेटे का शव, गांव में किया अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के मनीष का पार्थिव शरीर अमेरिका से उनके घर पहुंच गया है। मनीष की 15 दिन पहले अमेरिका में हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। मनीष का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह 11 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था, लेकिन कुछ कागजी कार्रवाई में देरी के कारण शव परिजनों को नहीं सौंपा जा सका। आज शव परिजनों को सौंप दिया गया। मनीष का पार्थिव शरीर सुबह करीब 10 बजे एंबुलेंस के जरिए उनके पैतृक गांव कुंजपुरा पहुंचा। जहां मनीष का पार्थिव शरीर देखकर परिजनों समेत पूरे गांव की आंखें नम हो गईं।

करीब 11 बजे मनीष का शव



अंतिम संस्कार के लिए गांव के श्मशान घाट लाया गया। जहां मनीष के बड़े भाई कर्ण देव ने अपने छोटे भाई की चिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देख वहां मौजूद ग्रामीणों की आंखें भर आईं। मृतक की मां शिमला देवी ने 15 महीने पहले 38 लाख रुपये खर्च कर उसे विदेश भेजा था। अब उसकी मां 20 लाख का

**आंखे नम**

▶▶ मनीष की 15 दिन पहले अमेरिका में हार्ट अटैक से मौत हो गई थी, पूरे गांव की आंखें हुई नम

कर्ज लेकर शव को भारत लाई है। मनीष के परिजनों ने शव को भारत लाने के लिए हरियाणा के सीएम नायब सैनी से भी गुहार लगाई थी, लेकिन सरकार की ओर से कोई मदद नहीं की गई। इसके बाद परिजनों ने शव को लाने के लिए कर्ज लिया।

मृतक के भाई कर्ण देव ने बताया कि मनीष 2023 के अप्रैल महीने में ही अमेरिका चला गया था। डोंकी के रास्ते उसे वहां पहुंचने में करीब 1 महीने का समय लगा। मनीष अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी में रह रहा था। मनीष ने पहले वहां पर स्टोर पर काम करता था। उसने हाल ही में टैक्सी ड्राइविंग लाइसेंस लिया था। बीती 29 दिसंबर की रात को खाना खाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। सीने में तेज दर्द होने पर उसे उसके साथी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी तो मां शिमला देवी व कर्ण देव ने मनीष को अमेरिका भेजने का फैसला लिया। पैसे नहीं थे तो मां ने जमीन पर लोन लिया और कुछ रिश्तेदारों से कर्ज लिया।

# 360 गांवों की नई कार्य समिति ने लिया पुरानी समिति से कार्यचार्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

लगभग एक महीना पहले निर्वाचित 360 गांवों की सभा श्री गुरु रविदास समाज कल्याण सभा, समालखा ने पुरानी कार्य समिति से आज कार्य चार्ज ले लिया। सभा के नए प्रधान राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभा के पूर्व पदाधिकारी रामकिशन नामुंडा की मृत्य पर दो मिनट तक का मौन रखते हुए सभा ने अभूतपूर्व फैसला लेते हुए सभा के आजीवन सदस्यों की संख्या सभा से संबंधित गांवों में जाकर 5000 तक ले जाने का लक्ष्य रखा। नए सदस्य बनाने की



अधिसूचना जल्द ही जारी की जाएगी। सभा के पूर्व प्रधान दहिया व सभा के कई सदस्यों के द्वारा मसला उठाने पर सभा की कार्य समिति ने पूर्ण बहुमत से बैठक मे निर्णय लिया। कि भीम राव अम्बेडकर के स्टेच्यू को हटाकर वहां पर हॉल बनाने की पूर्व समिति के प्रस्तावित योजना को बदलकर,हॉल को मंदिर के पास पहले बनाए गए हाल के उपर ही बनाने का प्रपोजल

# देश को विकसित बनाने के लिए संस्कृति और सभ्यता को सहेजने की जरूरत: सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: हरियाणा राज्य** बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए प्राचीन संस्कृति, सभ्यता और शिक्षा को सहेजने की जरूरत है। इस देश की संस्कृति और संस्कारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद एक अहम भूमिका अदा कर रही है। इसलिए परिषद की तरफ से लोहड़ी और मकर संक्रांति जैसे पर्व को युवा पीढ़ी के साथ मनाने का काम कर रहा है। उपाध्यक्षा सुमन सैनी रविवार को देर सायं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की तरफ से



बाल भवन कुरुक्षेत्र में आयोजित लोहड़ी और मकर संक्रांति के राज्य स्तरीय समारोह में बोल रही थी। इससे पहले उपाध्यक्षा सुमन सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से लोहड़ी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उपाध्यक्षा सुमन सैनी व सभी मेहमानों ने परम्परा अनुसार लोहड़ी की रस्म को पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न किया। इस रस्म के साथ ही सभी मेहमानों ने प्रदेश भर से आई बेटियों और आमजन के साथ लोहड़ी का जश्न मनाया,सभी ने एक दूसरे को मूंगफली और रेवडियां वितरित की है। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों से आए स्कूलों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। इन विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व को ऐतिहासिक और यादगार बना दिया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी का पर्व केवल उत्सव ही नहीं है, अपितु हमारी सांस्कृतिक और पारम्परिक धरोहर भी है। यह पर्व देश की एकता, अखंडता और विविधता का परिचायक भी है। लोहड़ी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है बल्कि प्रकृति में बदलाव और नई ऊर्जा में संचार का प्रतीक है, नई फसलों के आगमन का प्रतीक है, किसानों की मेहनत, एकता और खुशहाली का प्रतीक है। इस लोहड़ी पर्व की गूंज पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर भारत में सुनाई देती है। लोहड़ी का उत्सव हमें प्रकृति और पर्यावरण से जुड़ने की प्रेरणा देता है।

## गढ़ी कला गांव के जोहड़ की चार दीवारी निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गढ़ी कला गांव** में दूषित पानी की निकासी के जोहड़ की पंचायत विभाग द्वारा चारों तरफ दीवार बनवाई जा रही है। ग्रामीणों ने दीवार के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए निर्माण कार्य की जांच की मांग की है। रोषित पंचायत सदस्य आरिफ, ग्रामीण संदीप, सतीश, सलीम, नौशाद, सज्जाद ने बताया कि पंचायत विभाग द्वारा उनके गांव के जोहड़ के चारों तरफ दीवार का निर्माण करवाया जा रहा है। दीवार निर्माण में इतनी घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है कि दीवार बनने के बाद जोहड़ का दूषित पानी रिस कर उनके गांव की गली में फैल सकता है। इसके साथ ही दीवार



भी कभी गिर सकती है। दीवार के निर्माण के लिए निम्न स्तर की ईंटे लगाई जा रही हैं। उनके कहने के बाद भी ठेकेदार द्वारा कार्य में सुधार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से निर्माण कार्य में बेहतर सामग्री लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने उनकी समस्या की तरफ ध्यान नही दिया तो वे इसकी शिकायत एसडीएम से करेंगे।

- शिकायत पर होगी कार्रवाई

इस बारे में एसडीएम मनीष कुमार फौगाट ने बताया कि इस संबंध में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। जोहड़ की दीवार के निर्माण में यदि घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है तो यह गंभीर मामला है। शिकायत मिलती है तो वह सुनिश्चित करेंगे की कार्य सही ढंग से हो।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली के इतिहास का सबसे बड़ा 108 कुण्डिय दिव्य बगलामुखी महायज्ञ

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को संपन्न हुआ 108 कुण्डीय दिव्य बगलामुखी महायज्ञ देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। इस महायज्ञ का आयोजन जूना अखाड़ा के युवा संत एवं सिद्ध महाबली योग अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी धनेश्वर गिरी जी महाराज ने किया। साथ ही उन्होंने दिल्ली के वातावरण को शुद्ध करने और सनातन की परंपरा को लोगों में पुनः जीवित करने का द्रढ संकल्प लिया। साढ़े सात



करोड़ दिव्य महामंत्रों की आतुतियां से इस यज्ञ का संकल्प पूर्ण हुआ। पूरी दिल्ली में ऐसे 5 महायज्ञ और कराए जाएंगे, यह यज्ञ दिल्ली के इतिहास का सबसे बड़ा महायज्ञ माना जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु और संत पहुंचे। इस आयोजन में श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर धनेश्वर गिरि जी महाराज ने विशेष रूप से हिस्सा लिया और सनातन धर्म की रक्षा और शुद्धिकरण का ऐलान किया। उन्होंने कहा, दिल्ली की पवित्रता और सनातन धर्म पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए यह महायज्ञ आयोजित किया गया है। यह महायज्ञ केजरीवाल सरकार की नीतियों और उनके द्वारा सनातन धर्म को दूषित करने के प्रयासों के खिलाफ हमारा विरोध है। महायज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में संतों और श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कहा कि दिल्ली को फिर से पवित्र और धर्ममय बनाने के लिए यह एक ऐतिहासिक कदम है।

### खेड़ी गुर्जर गांव में ट्यूबल की बोरिंग करने के लिए खड़ी मशीन का इंजन चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर। खेड़ी गुर्जर** गांव में पंचायती जमीन में ट्यूबल की बोरिंग करने के लिए खड़ी ट्यूबल बोरिंग मशीन का इंजन चोरी हो गया। चोरी की शिकायत बोरिंग मशीन के मालिक गांव तेवड़ी निवासी राजेश ने गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत के बाद गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी । पुलिस को दी शिकायत में तेवड़ी गांव के राजेश ने बताया कि वह खेत में टयूबवैल बोरिंग का काम करता है । गत 7 जनवरी को बोरिंग मशीन खेड़ी गुज्जर की पंचायती जमीन में धर्मबीर, महेन्द्र व रामधन के खेत के पास खुन्डे वाले खेत में ट्यूबल की बोरिंग के लिए खड़ी की थी । शिकायत में बताया कि बोरिंग मशीन में सतवन्त कंपनी का इंजन लगा हुआ था । खेत में गांव के सरंपच को लेकर बोर करने के लिये पहुँचा तो वहाँ पर मशीन का ईंजन नहीं मिला इसके बाद इंजन के आसपास के खेतों में भी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला उसके बाद पुलिस में मामला दर्ज करवाया है । पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है ।

### उदेशीपुर गांव में इंडस कंपनी के टावर से हजारों रुपए का सामान चोरी ,मामला दर्ज

**गन्नौर । उदेशीपुर गांव** में इंडस कंपनी के लगे टावर से हजारों रुपए का सामान चोरी हो गया। चोरी की शिकायत सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाइजर ने गन्नौर थाना पुलिस को दी । पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । पुलिस को दी शिकायत में आईएस सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाइजर संदीप ने बताया कि इंडस कंपनी के टावर में उनकी कंपनी सिक्योरिटी का काम करती है । गत 10 जनवरी की रात को टावर से हजारों रुपए का टावर मशीन में लगा सामान चोरी हो गया । रात को जब साइट डाउन हुई तो इंजीनियर ने सुबह आकर चेक किया तो चेक करने पर चोरी का पता लगा । उसके बाद पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

## ब्रह्मज्ञान भक्ति का आधार है जो जीवन को उत्सव बना देता है: सुदीक्षा

**समागम**

**हलदाना बार्डर स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल में समागम का हुआ आयोजन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । भक्ति वह अवस्था** है, जो जीवन को दिव्यता और आनंद से भर देती है। यह न इच्छाओं का सौदा है, न स्वार्थ का माध्यम। सच्ची भक्ति का अर्थ है परमात्मा से गहरा जुड़ाव और निःस्वार्थ प्रेम। यह विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने हलदाना बार्डर स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल में आयोजित समागम के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सतगुरु माता ने भक्ति की महिमा पर कहा कि ब्रह्मज्ञान भक्ति का आधार है। यह जीवन को उत्सव बना देता है। भक्ति का वास्तविक स्वरूप दिखावे से परे और स्वार्थ व लालच से मुक्त होना चाहिए। सतगुरु माता ने कहा कि भगवान हनुमान जी,



मीराबाई और बुद्ध भगवान का भक्ति स्वरूप भले ही अलग था, लेकिन उनका मर्म एक ही था-परमात्मा से अटूट जुड़ाव। भक्ति सेवा, सुमिरन, सत्संग और गान जैसे अनेक रूपों में हो सकती है, लेकिन उसमें निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण का भाव होना चाहिए। गृहस्थ जीवन में भी भक्ति संभव है, यदि हर कार्य में परमात्मा का आभास हो। सतगुरु माता ने माता सविंदर और राजमाता के जीवन को भक्ति और समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इन विभूतियों का जीवन भक्ति और सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है। इस अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सानिध्य में हजारों श्रद्धालु भक्त संत समागम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर परम संत सन्तोख सिंह जी सहित अन्य संतों के तप, त्याग और ब्रह्मज्ञान के प्रचार-प्रसार में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया और उनके जीवन से प्रेरणा ली गई। समागम के दौरान अनेक वक्ताओं, कवियों और गीतकारों ने विभिन्न विद्याओं के माध्यम से गुरु महिमा और भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया।

## माँ भारती रक्तवाहिनी ने किया सभी गुप्त दान दाताओं का धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर की रक्तदान में** अग्रणीय सँस्था माँ भारती रक्तवाहिनी ने बैंक खाते सबंधित सँस्था पदाधिकारियो की बैठक करके जानकारी देते हुए बताया कि 9 दिसम्बर 2024 को सँस्था के खाते में 20 लोगो ने यू पी आई से 1100 रुपये कुल 22000 रुपये की धनराशि भेजी थी। हमने एक महीना इंतजार किया लेकिन हमें इस सबन्ध में कही से कोई जानकारी प्राप्त नही हुई कि ये धनराशि इतने लोगो ने क्यो भेजी है किस संधर्भ में भेजी है । अब हमे लगा कि यह राशि सँस्था के कार्यो से प्रभावित होकर किसी ने दान दाता ने भेजी है । इस लिए मीडिया के माध्यम से सँस्था के पदाधिकारियों ने सँस्था की तरफ से इन सभी गुप्त दान दाताओं का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि समाज हित मे आप के इस योगदान से अनेको मरीजो के लिए रक्तदान शिविर लगाकर उनका जीवन बचाया जाएगा । आशा है आप आगे भी सँस्था का सहयोग इस प्रकार से ही करते रहेंगे । इन दानी सज्जनों की अगर जानकारी मिली तो सँस्था के वार्षिक आयोजन पर इन्हें सम्मानित किया जाएगा । इस अवसर पर सँस्था के कार्यकारी प्रधान सोमप्रकाश , सचिव प्रेम गौतम , कोषाध्यक्ष सोहन लाल , सह सचिव नीरज सैनी मौजूद रहे।

## अंकुश रिबेल्स 11 ने बैंकर्स फाइटर को दी शिकस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल गन्नौर में अपोलो प्रीमियर क्रिकेट लीग के दूसरे चरण में दो मैच खेले गए। मैच की शुरूआत संत विवेकानंद की



जयंती पर उनकी तस्वीर पर पुष्पार्पित करके की गई। प्राचार्य रजनी शर्मा ने कहा कि विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने खेलों में एकाग्रता और अनुशासन की अहमियत पर बल दिया। इसके बाद पहला मैच आरपीएस चैंपियंस व बैंकर्स फाइटर के बीच हुआ। इस मैच में आरपीएस चैंपियंस ने 20 ओवरों में 131 रन बनाए, जिसे बैंकर्स फाइटर ने 12.5 ओवर में हासिल कर लिया।

आरपीएस चैंपियंस की ओर से अंकित दलाल ने 71 रन बनाए, जबकि बैंकर्स फाइटर की ओर से गौरव शर्मा ने 53 रन और जानी वत्स ने 29 रन जोड़े। गेंदबाजी में गौरव शर्मा ने 3 विकेट लिए और प्लेयर आफ द मैच बने।

## काबिल बनने के साथ-साथ अच्छा इंसान बनना जरूरी: हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा का जीवन मे कोई लक्ष्य होता है। द्दढ़ इच्छाशक्ति के साथ अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए आगे बढ़े और बड़े अधिकारी, डॉक्टर व इंजिनियर बनने से पहले एक अच्छा इंसान अवश्य बने। अच्छा इंसान ही समाज को सुन्दर व सुद्दढ़ बनाने में सहयोग कर सकता है। हरविंद्र कल्याण रविवार को स्थानीय होटल ज्वैलस मे राणा अकादमी फॉर केमिस्ट्री द्वारा छात्र- छात्राओं के लिए आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह मे बतौर मुख्यातिथि बोल



रहे थे। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद और नगर निगम की पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। कार्यक्रम में राणा अकादमी फॉर केमिस्ट्री के उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्र. छात्राओं व उनके शिक्षकों सम्मानित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं का स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेकर लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्य प्राप्त करने तक ना रूकने का आह्वान किया। ब्रह्मांड में विद्यमान सभी शक्तियां आपके अंदर हैए जरूरत है तो केवल उन्हें पहचानने की। उन्होंने कहा कि भारत को विकासशील देशों की श्रेणी से आगे बढ़ाने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल कराने की जिम्मेवारी युवाओं के कंधो पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आदर्श मानते हुए बिना थके व बिना रुके देश की उन्नति में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आप सभी को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जीवन में कुछ बड़ा करने का अवसर मिला है। कामयाब होने पर गरीब बच्चों की भी मदद करना जो इन सुविधाओं से वंचित रह गए है। कार्यक्रम में उपस्थित जगमोहन आनंद ने राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं को शिक्षार्थ आइए और सेवार्थ जाइए के भाव के साथ कार्य करते हुए देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

## स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**ग्रामीण क्षेत्र में** युवाओं ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस पर कई जगह कार्यक्रम किए । नेहरू यूवा केंन्द्र पानीपत खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय भारत सरकार, खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग हरियाणा सरकार पानीपत से संबध समाजसेवी संस्थाएं सदभावना युवती मंडल व ग्राम सुधार युवा मंडल, सरस्वती रामलीला समिति गांव सनौली खुर्द द्वारा युवा कल्ब कार्यालय प्रांगण सनौली खुर्द में स्वामी विवेकानंद जी की जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया । वही अलग-अलग जगहों पर युवाओं के सहयोग से राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी



विवेकानंद जी के जन्म दिवस से शुरू हुए राष्ट्रीय युवा सप्ताह का उदघाटन किया गया । राष्टीय युवा दिवस पर सबसे पहले कार्यक्रम में आए मुखयअतिथि सरपंच संजय त्यागी, पूर्व राष्ट्रीय सेवा कर्मी शिवानी त्यागी, सदभावना युवति मंडल अध्यक्षा एवं युवा मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार त्यागी ने युवाओं के साथ स्वामी जी मूर्ति पर माल्यार्पण कर राष्टीय युवा सप्ताह कार्यक्रम का उदघाटन किया । और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई । इस अवसर पर मुखयअतिथि सरपंच संजय त्यागी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास और समाज से कुरीतियों को दूर करने के लिए उनके युग पुरूष स्वामी विवेकानंद द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की जरूरत है । युवा को राष्ट्र निर्माण के कार्यो मे एकजुट होकर काम करना चाहिए ।

ताकि राष्ट्र एक नई शक्ति के रूप मे उभरे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को देशप्रेम का रास्ता दिखाया है । इसलिए हमें उन्हीं के मार्गदर्शन एंव जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए । उन्होंने युवाओ से कहा कि राष्ट्र एंव देश सेवा ही सबसे सच्ची सेवा है । जब भी युवाओ को सही दिशा मिली है, तब समाज और देश ने निष्चित रूप से तरक्की की है । इस अवसर पर कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा कर्मी शिवानी त्यागी ने युवाओं को समाज मे फैली सामाजिक बुराईयों को जड़ से समाप्त करने के लिए आगे आने का आहावान किया।

## राई हलके के चार गांवों में मुख्यमंत्री ने किया ओपन जिम का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई । राई हल्के के** चार गांव में ओपन जिम का हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को ऑनलाईन माध्यम से ओपन जिम का उद्घाटन किया । उनमें खेवड़ा, हलालपुर, नाहरा और बाजीदपुर सबौली शामिल हैं। हलके के चार गांव को ओपन जिम की सौगात देने पर हलका विधायक कृष्णा गहलावत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार क्षेत्र में विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि बगैर किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों में समान



रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि आज चार गांवों खेवड़ा, हलालपुर, नाहरा और बाजीतपुर सबौली में ओपन जिम का उद्घाटन किया। जिन पर 40 लाख रुपए का खर्च हुआ है। इन गांवों में ओपन जिम के उद्घाटन से लोगों में अत्यंत खुशी का माहौल है। इससे युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा।

## कर्ण सिंह पसीना ने पसीना गांव में रिबन काटकर किया इंडोर जिम का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पसीना कला गांव में** इंडोर जिम का उद्घाटन किया गया । इस दौरान पूर्व पार्षद व जिला गुर्जर सभा प्रधान कर्ण सिंह पसीना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर सरपंच पंकज रावल और पार्षद प्रतिनिधि दयाराम कश्यप, आजाद पसीना के साथ रिबन काट कर किया। मुख्यातिथि कर्ण सिंह पसीना ने कहा कि देश एवं प्रदेश में भाजपा सरकार जनहितैषी कार्यों को अमलीजामा पहनाने में जुटी हुई है। कर्ण सिंह पसीना ने कहा विधायक



मनमोहन भड़ाना ने गांव में जिम देकर ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के अवसर दिए है क्योंकि यदि समाज स्वस्थ रहेगा तो वह राष्ट की उन्नति के लिए और अधिक योगदान दे सकता है।हरियाणा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब नायब नेतृत्व में समाज का हर वर्ग खुशहाल है। बिना खर्ची बिना पर्ची के सरकारी पदों पर भर्ती ने पूरे देश में एक नई मिसाल कायम की है।

## ददलाना गांव में मिला एक अज्ञात युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत (कमाल हुसैन ) ददलाना गांव के नजदीक** खेतों में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मामले की सुचना लोगों द्वारा सदर थाना पुलिस को दी गई।?
पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए पानीपत सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।
रविवार सुबह लगभग 11 बजे ददलाना के नजदीक खेतों में लोगों को बेसुध हालत में एक युवक पड़ा दिखाई दिया। खेतों में बेसुध हालत में युवक पड़ा होने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और ये बात आग की तरह फैल गई। जिसको देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मामले की सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए पानीपत सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया।

**मौत के कारणों का अभी नहीं चला पता**

युवक की मौत ठंड से हुई है या किसी ने मर्डर किया है या किसी अन्य कारण हुई है यह अभी भविष्य के गर्भ में है।
युवक की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

## गाड़ी तोड़ने व लाठी डंडों से मारपीट करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। पुलिस अधीक्षक** पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने रास्ता रोककर गाड़ी में टक्कर मारने, गाड़ी तोड़ने, अपहरण करने व लाठीझडंडों से मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान चम्मन सिंह वासी गांव भावठडी, सुरजगढ राजस्थान के रूप में हुई। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया था, जिनसे दो गाड़ी व मोबाइल, लाठीझडंडे बरामद कर जब्त किए थे। शिकायतकर्ता विकाश वासी गांव भावठडी सुरजगढ ने थाना सदर कनीना में शिकायत दर्ज कराई कि दिनांक 29 नवम्बर को वह शादी में गांव खेडी तलवाना आए थे। वह अपने दोस्त की गाडी में वापिस बारात से अपने गांव के लिए चले थे। उसके साथ तीन अन्य व्यक्ति भी थे। गांव खेडी तलवाना से थोडा आगे चलते ही अचानक उनकी गाडी के आगे स्कॉर्पियो लगा दी और रास्ता रोक लिया। उसी समय पीछे से एक पिकअप ने उनकी गाडी में टक्कर मारी। स्कार्पियो गाडी से कुछ लडके नीचे उतर कर आए, जिनके हाथों में लाठी डंडे थे। जिन्होंने गाडी से उतरते ही लाठी-डंडो से उसकी गाडी को तोड दिया और उसे नीचे उतारकर लाठी डंडो से पीटा। उन लडको में से एक लडका उसका मोबाईल ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# रिटायर्ड अफसरों के बोझ तले दबा आरटीआई का ढाँचा

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

"आवेदनों के लिए आउटरीच और जागरूकता का विस्तार करनाः रिक्तियों को सक्रिय रूप से प्रचारित करना और आउटरीच कार्यक्रमों को बढ़ाना विभिन्न पेशेवर पृष्ठभूमि से उम्मीदवारों को आकर्षित करने में मदद करेगा, जिससे अधिक विविध पूल बनेंगे। न्यूजीलैंड जैसे देश सार्वजनिक क्षेत्र की रिक्तियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाते हैं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों से कुशल पेशेवर आकर्षित होते हैं। आरटीआई ढांचे की स्वतंत्रता और विविधता सुनिश्चित करने के लिए, सुधार आवश्यक हैं। विविध क्षेत्रों के पेशेवरों को शामिल करके पात्र उम्मीदवारों के पूल का विस्तार करने से नए दृष्टिकोण आ सकते हैं, पूर्वाग्रह कम हो सकते हैं और जवाबदेही बढ़ सकती है। अधिक समावेशी दृष्टिकोण प्रणाली की पारदर्शिता को मजबूत करेगा"

**सेवानिवृत्त अधिकारी** उन विभागों के खिलाफ निर्णय लेने में संकोच कर सकता है, जिनके लिए उन्होंने कभी काम किया था, जिससे समझौतापूर्ण फैसले होते हैं। पारदर्शिता में विशेषज्ञता की कमी एक बड़ा मुद्दा है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक विशेष ज्ञान की कमी हो सकती है, जो आरटीआई अधिनियम का मुख्य हिस्सा है। सेवानिवृत्त नौकरशाह वर्तमान सामाजिक मुद्दों से कटे हुए हो सकते हैं, जिससे सार्वजनिक शिकायतों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। प्रशासनिक पृष्ठभूमि से आने वाले सूचना आयुक्त समकालीन दृष्टिकोण से सूचना तक पहुँचने के बारे में जनता की चिंताओं को पूरी तरह से नहीं समझ सकते हैं। लंबे समय तक सरकारी सम्बद्धता वाले नौकरशाहों की नियुक्ति से जवाबदेही कम हो सकती है, क्योंकि उनके निर्णय सरकारी हितों के साथ संरेखित हो सकते हैं। विशिष्ट राजनीतिक दलों से सम्बंध रखने वाले नौकरशाह सरकारी निर्णयों को चुनौती देने में अनिच्छा दिखा सकते हैं, जिससे आरटीआई ढांचे की स्वतंत्रता कम हो सकती है।

भारत में सूचना आयुक्तों के रूप में सेवानिवृत्त सिविल सेवकों के प्रभुत्व ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) ढांचे की स्वतंत्रता और विविधता के बारे में चिंताएँ बढ़ा दी हैं। जबकि उनका अनुभव मूल्यवान हो सकता है, इस ने संभावित पूर्वाग्रहों और सीमित प्रतिनिधित्व पर बहस छेड़ दी है। इस तरह के प्रभुत्व के निहितार्थ और उम्मीदवारों के लिए पात्रता मानदंड को व्यापक बनाने के लिए सुधारों की आवश्यकता का पता लगाता है। आरटीआई ढांचे में स्वतंत्रता और विविधता के बारे में कई चिंताएँ हैं। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों का प्रभुत्व एक संकीर्ण, एकरूप दृष्टिकोण बनाता है, जो निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में विविधता को कम करता है। सेवानिवृत्त नौकरशाहों को अक्सर प्रतिष्ठान का हिस्सा माना जाता है, जिससे सरकार की कार्रवाइयों को निष्पक्ष रूप से चुनौती देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। पूर्व सरकारी कर्मचारी अपने पूर्व सहयोगियों के प्रति पूर्वाग्रह प्रदर्शित कर




सकते हैं, जिससे अपीलों को संभालने में निष्पक्षता कम हो सकती है।

एक सेवानिवृत्त अधिकारी उन विभागों के खिलाफ निर्णय लेने में संकोच कर सकता है, जिनके लिए उन्होंने कभी काम किया था, जिससे समझौतापूर्ण फैसले होते हैं।

पारदर्शिता में विशेषज्ञता की कमी एक बड़ा मुद्दा है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक विशेष ज्ञान की कमी हो सकती है, जो आरटीआई अधिनियम का मुख्य हिस्सा है। सेवानिवृत्त नौकरशाह वर्तमान सामाजिक मुद्दों से कटे हुए हो सकते हैं, जिससे सार्वजनिक शिकायतों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। प्रशासनिक पृष्ठभूमि से आने वाले सूचना आयुक्त समकालीन दृष्टिकोण से सूचना तक पहुँचने के बारे में जनता की चिंताओं को पूरी तरह से नहीं समझ सकते हैं। लंबे समय तक सरकारी सम्बद्धता वाले नौकरशाहों की नियुक्ति से जवाबदेही कम हो सकती है, क्योंकि उनके निर्णय सरकारी हितों के साथ संरेखित हो सकते हैं। विशिष्ट राजनीतिक दलों से सम्बंध रखने वाले नौकरशाह सरकारी निर्णयों को चुनौती देने में अनिच्छा दिखा सकते हैं, जिससे आरटीआई ढांचे की स्वतंत्रता कम हो सकती है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों के प्रभुत्व का प्रभाव पड़ता है। जब चयन पूल में विविधता का अभाव होता है, तो जनता आरटीआई ढांचे की तटस्थता में विश्वास खो सकती है। सीमित नए दृष्टिकोण वाले नौकरशाहों का प्रभुत्व अक्षमता में योगदान देता है, जिससे आरटीआई अपीलों के प्रसंस्करण में देरी बढ़ जाती है। सीआईसी के 23, 000 अपीलों का बैकलॉग बताता है कि नए दृष्टिकोण के बिना नौकरशाही नियुक्तियाँ नागरिक शिकायतों के समय पर समाधान में बाधा बन सकती हैं। नियुक्तियों में विविधता की कमी के परिणामस्वरूप समान पृष्ठभूमि वाले कुछ व्यक्तियों के हाथों में शक्ति केंद्रित हो जाती है। यह प्रथा नवीन विचारों या दृष्टिकोण में परिवर्तन को रोकती है जो आरटीआई अधिनियम की प्रभावकारिता में सुधार कर सकते हैं। विविध इनपुट के बिना, आरटीआई ढांचा आधुनिक आवश्यकताओं के अनुकूल होने में विफल हो सकता है, जिससे सुधार रुक सकते हैं जो इसे और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। अगर लोगों को लगता है कि निर्णय पक्षपातपूर्ण हैं या पूर्व सरकारी अधिकारियों द्वारा प्रभावित हैं, तो वे आरटीआई प्रक्रिया से जुड़ने के लिए कम इच्छुक महसूस कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवारों के पूल को व्यापक बनाने के लिए सुधारों की तत्काल आवश्यकता है।

विभिन्न विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को शामिल करने से निर्णय लेने में व्यापक दृष्टिकोण आएगा। यह आरटीआई ढांचे में विविध दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है। यूके जैसे देशों में, सूचना आयुक्त कानून, पत्रकारिता और शिक्षा जैसे पृष्ठभूमि से आते हैं, जो स्वतंत्रता और निष्पक्षता को बढ़ावा देते हैं। एक सार्वजनिक, पारदर्शी चयन प्रक्रिया निष्पक्षता को बढ़ावा देगी और सभी को सूचना आयुक्त की भूमिकाओं के लिए आवेदन करने का समान अवसर देगी। अमेरिका कई सरकारी निगरानी भूमिकाओं के लिए एक सार्वजनिक नामांकन प्रक्रिया का उपयोग करता है, जो उम्मीदवारों के चयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। कार्यकाल सीमित करने और आयु प्रतिबंध लागू करने से नए दृष्टिकोण को बढ़ावा मिल सकता है और सूचना आयोगों के भीतर गतिशील नेतृत्व की अनुमति मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिया जैसे कई राष्ट्र वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यकाल को सीमित करते हैं ताकि दीर्घकालिक रूप से जड़ता से बचा जा सके और नए विचारों को प्रोत्साहित किया जा सके।

नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ एक अधिक समावेशी दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि आरटीआई प्रणाली जनता की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में गैर-सरकारी संगठनों के सदस्य शामिल हैं, जो विविध दृष्टिकोणों के माध्यम से मानवाधिकारों के प्रति अपने दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं।

आवेदनों के लिए आउटरीच और जागरूकता का विस्तार करनाः रिक्तियों को सक्रिय रूप से प्रचारित करना और आउटरीच कार्यक्रमों को बढ़ाना विभिन्न पेशेवर पृष्ठभूमि से उम्मीदवारों को आकर्षित करने में मदद करेगा, जिससे अधिक विविध पूल बनेंगे। न्यूजीलैंड जैसे देश सार्वजनिक क्षेत्र की रिक्तियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाते हैं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों से कुशल पेशेवर आकर्षित होते हैं। आरटीआई ढांचे की स्वतंत्रता और विविधता सुनिश्चित करने के लिए, सुधार आवश्यक हैं।

विविध क्षेत्रों के पेशेवरों को शामिल करके पात्र उम्मीदवारों के पूल का विस्तार करने से नए दृष्टिकोण आ सकते हैं, पूर्वाग्रह कम हो सकते हैं और जवाबदेही बढ़ सकती है। अधिक समावेशी दृष्टिकोण प्रणाली की पारदर्शिता को मजबूत करेगा, जिससे दीर्घकालिक रूप से जनता का विश्वास बढ़ेगा।

## संपादकीय

# लोहड़ीः खुशियों का संदेशवाहक पर्व

**उत्तर** भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में खासतौर से पंजाबी समुदाय में तो इस पर्व पर एक अलग ही उत्साह देखा जाता है। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में ह्यलाल लाहीह्व नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे ह्यपंजाबी रॉबिनहुडह्व का दर्जा प्राप्त है। जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आह्वान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके। हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकट्ठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं। लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था।

## कविता

जमीन से जुड़े, आसमान से बातें करते,
आदिवासी कलाकार, रहस्य बुनते जाते।
प्रकृति का रंग, पहाड़ों की शान,
उनकी कला में, जीवन का गान।
पेड़-पौधे, जानवर, नदी-पहाड़,
सब कुछ बयां करते, उनके चित्रों में आधार।
सूर्य, चंद्रमा, तारे, नक्षत्र,
उनके ज्ञान का, एक अद्भुत नक्शा।
वैज्ञानिक दृष्टि, कला में समाती,
प्रकृति के रहस्य, वे बड़ी आसानी से बताती।
औषधियों का ज्ञान, बीमारियों का इलाज,
उनकी कला में, छिपा है ज्ञान का भंडार।
खगोलीय घटनाएँ, मौसम का चक्र,
सब कुछ समझते, वे बेहद बारीकी से।
जीवन चक्र का रहस्य, प्रकृति का नियम,
उनकी कला में, छिपा है ज्ञान का बीज।
आधुनिक विज्ञान, अब मानता है,
उनके ज्ञान को, सलाम करता है।
आदिवासी कला, एक धरोहर है अनमोल,
संस्कृति की जड़ें, हैं बेहद गहरी और अमोल।

रामानुज पाठक

# आस्था और विश्वास का संगम है गंगासागर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारत** में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। गंगासागर सिर्फ. एक तीर्थस्थल नहीं है। यह भावना, संस्कृति, आस्था और विश्वास का संगम है। जीवन का उत्सव है। धर्म हमेशा से ही इस भूमि की संस्कृति में समाया हुआ है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है। मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं। मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं। जिन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रान्ति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। सुन्दरवन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान व ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग तथा छोटी छोटी नदियां, नहरें भी है। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी।

## विचार

# किसानों के प्रति दरियादिली दिखानी होगी

जाब की शंभू सीमा पर प्रर्दशन कर रहे एक किसान रेशम सिंह ने आत्म हत्या कर ली। 4 दिसंबर 2023 को नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो द्वारा जारी किये गए आँकड़ों के अनुसार साल 2022 में 11290 किसानों ने आत्महत्या की. किसानों की आत्महत्या के ये आंकड़े काफी हैरानी भरे हैं। लगभग यही हाल 24 में भी रहा। यह किसानों की आत्महत्या का एक बड़ा कारण है। इसी असंतोष के चलते 2020 में किसानों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने के साथ किसानों की मांगों पर सहमति बनाने के लिए एक कमेटी बनाने की बात कही।कई दौर की मीटिंग के बाद भी आज तक उस कमेटी की रिपोर्ट का अता-पता नहीं है। अलबत्ता सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमेटी के कुछ निष्कर्ष अवश्य प्रकाश में आए हैं, जिसके अनुसार किसानों की लागत और कृषि हेतु लिए गए कर्ज का बोझ बढ़ रहा है।समिति ने उन्हें इस संकट से मुक्ति दिलाने के लिए एमएसपी को कानूनी मान्यता सहित 11 मुद्दे चिह्नित किए हैं। हाल में कृषि उत्पादकता में गिरावट, बढ़ती कृषि लागत, अपर्याप्त मार्केटिंग सिस्टम और सिकुड़ते कृषि रोजगार से कृषि आय में गिरावट आई है।घटता जलस्तर, बार-बार सूखा पड़ना, कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा का पैटर्न, भीषण गर्मी आदि जलवायु आपदाएं भी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर रही हैं। किसान अपनी आजीविका को बनाए रखने से संबंधित चुनौतियों से जूझ रहे हैं।इसी आर्थिक असुरक्षा के चलते पंजाब के किसान संगठनों ने स्वामीनाथन फामूर्ले के अनुसार सभी फसलों पर एमएसपी के कानूनी अधिकार की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें बाजार की ताकतों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। देश के किसी ना किसी राज्य या फिर केन्द्र सरकार के खिलाफ दिल्ली तक होने वाले किसान आन्दोलन इस बॉत का प्रमाण है कि सरकार एवं सरकारे किसानों के प्रति न्याय नही कर पा रही है। ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकार को मिलकर किसानों के प्रति दरियादिली दिखानी चाहिए।

कृषि प्रधान देश भारत में आजादी के 77 साल बाद भी किसानों की समस्याएं दूर नहीं की जा सकी हैं। किसान अपने आप को आर्थिक रूप से सबसे कमजोर मान रहा है। समाज के हर वर्ग की आय साल-दर-साल बढ़ रही है लेकिन किसान कर्ज के जंजाल से बाहर नहीं निकल पा रहा है। किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य अभी कई चुनौतियों के बीच संघर्ष कर रहा है। भारत के अधिकांश किसान अब अपने बच्चों को खेती की जिम्मेदारी नहीं सौंपना चाहते हैं। भारतीय कृषि व्यवस्था में अपनी पूरी जिंदगी खपाने वाले किसान आज खेती को घाटे का सौदा बताते हैं।

आखिर क्या कारण है कि तमाम प्रयासों के बावजूद कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर पाई है। इस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है।बड़ी विडंबना का विषय है कि किसानों का आंदोलन लंबे समय से जारी है। लेकिन सरकार कोई भी ऐसा ठोस कदम उठाने के प्रति उदासीन दिख रही है। क्या यह साफतौर पर सरकार के भीतर राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव को प्रदर्शित नहीं करता कि वह किसानों की मांग को लेकर इस हद तक अगंभीर दिख रही है कि आंदोलन के एक नेता की सेहत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है, उनके जीवन पर खतरा बढ़ता जा रहा है और वह हल के लिए सहमति बनाने के बजाय समस्या की अनदेखी करने में लगी है। सवाल है कि आखिर किन वजहों से वह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानूनी गारंटी पर स्थिति स्पष्ट नहीं करना चाहती है और उसका यह रुख किसके हित में है। गौरतलब है कि एक ओर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले लम्बे अरसे से अनशन पर हैं और उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई है, दूसरी ओर, इसी मसले पर सरकार द्वारा मांगे नहीं मानने की वजह से बीते तीन हफ्ते के भीतर दो किसानों ने आत्महत्या कर ली।किसानों की आय चार गुना बढ़ाने का दावा करने के बीच यह समझना मुश्किल है कि एक लोकतांत्रिक सरकार इस हद तक उदासीन कैसे हो सकती है कि अपनी समस्याओं की अनदेखी किए जाने की वजह से किसानों के जान देने की खबरें आ रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जनरेशन गैप कभी खत्म नहीं होगी...!

**- मदन वर्मा " माणिक "**

आज 66 वर्ष के हो गए। बचपन से अब तक बहुत कुछ देखा है। अब वो सब अच्छे-बूरे सपने की तरह खट्टामीठा अनुभव सा है। आज का विषय जनरेशन गैप बहुत ही कुछ कहना पड़ता है और यह शब्द अनेक बार सुनने को मिलता है। ये वो दुरी है नये-पुराने के बीच जिसकी खाई पटती नहीं बढ़ती जाती है। नये के साथ जिज्ञासा है उत्साह है , ताकत है और पुरानों के साथ परिपक्वता व अनुभव है। अनुभूति भी साथ हैं। नई पीढ़ी पुरानों की ताकत बन जाऐ और पुराने नई पीढ़ी के अनुभवी मार्गदर्शक बन जाऐ तो चमत्कार संभव हैं। इसके लिए हर कार्य में सहयोग, सामंजस्य बिठाना चाहिए जो कि मुश्किल है मगर असंभव नहीं। संयुक्त परिवार खत्मप्रायः है एकल परिवार अधिकांशतः है। स्वार्थ ने स्वतंत्रता को जन्म दिया अब हमारा कुछ नहीं, सब कुछ तेरामेरा हो गया। बड़ों का निर्णय मान्य नहीं होता। सब नयी पीढ़ी की चलती हैं। मांबाप ने जिंदगी भर अच्छेबुरे समय में जिंदगी भर सुखदुख में पाल कर बड़ा किया मगर शादी के बाद बेटा-बहु अलग हो गये। आप कितने भी कष्ट उठाओं मगर जब अपनों से ही ताने मिलते हैं कि तुमने किया ही क्या है हमारे लिए, तब दिल छलनी हो जाता हैं। विचार आता हैं कि सब छोड़कर गंगा किनारे बैठ जाऐं। कभी सुनने को मिलता है कि उनको देखो उन्होंने कितना धन जोड़ लिया और तुम वहां के वहीं हो। कभी सुनने को मिलता है कि आपने हमें पैदा ही क्यों किया। इसका उत्तर नहीं दे सकते हो। जिनके बच्चे अच्छे निकल गये मगर सोच में फिर भी फर्क

हैं और आगे भी रहेगी क्योंकि आपकी सोच पुरानी हो गई है नये जमाने की सोच नई हो गई जो मेल नहीं खाती अर्थात सोच बदल गई है अब बस एकदूसरे के साथ तालमेल बिठाना है सामंजस्य बनाना हैं और संतुष्ट रहना सीखना होगा। मांबाप ने उस दौर में असुविधाओं के बीच कठिन मेहनत जितनी की उतनी वर्तमान की औलादें इतनी सारी सुविधाओं के होते हुए आज भी नहीं कर सकती। पीढ़ियों के बीच दूरी हैं उम्र की, समझ की, विचारों की, संबंधों को मानने की, स्वार्थ की और वर्तमान औलादों की औलादें जो देखेगी वो सीखेगी और अपने मांबाप के साथ व्यवहार रूप में करेगी।

# कुम्भ पर्वों की परम्परा और प्राचीनता

**दिनेश चंद्र**

**हरिद्वार,** नासिक, प्रयाग और उज्जैन में प्रति बारहवें वर्ष आयोजित होने वाले कुम्भ पर्वों की परंपरा और प्राचीनता का अनुमान इसी तथ्य से स्पष्ट हो जाता है कि ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेद के कई मंत्रों में कुम्भ पर्व का उल्लेख है। अथर्ववेद में तो यहां तक कहा गया है कि कुम्भ पर्व में पवित्र नदियों में स्नान करने से एक हजार अश्वमेघ यज्ञों तथा एक लाख बार पृथ्वी प्रदक्षिणा का पुण्य मिलता है। हमारी पुराणें कुम्भ पर्वों की महिमा से भरी पड़ी है। इतिहासकारों एवं विदेशी पर्यटकों ने भी कुम्भ मेलों का विवरण दिया है। कुम्भ का सर्वाधिक स्पष्ट एवं विस्तृत उल्लेख चीनी यात्री व्हेनसांग के यात्रा वर्णन में मिलता है। उसने सन्- 644 में प्रयाग में हुए एक कुम्भ का वर्णन करते हुए लिखा है कि तत्कालीन सम्राट हर्षवर्धन ने प्रयाग के कुम्भ मेले में अपनी सारी सम्पत्ति का दान कर दिया था। नौवीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य ने कुम्भ पर्वों को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने हिन्दू धर्म की एकता और व्यापकता के लिए देश की चारों दिशाओं में चार मठ स्थापित किए। इन मठों की स्थापना का एक उद्देश्य यह भी था कि इनके प्रधान (शंकराचार्य) भारत के साधु समाज को समुचित दिशा-निर्देश दे सकें। उपासना-पद्धति के आधार पर आदि शंकराचार्य ने साधुओं को दस वर्गों में विभाजित किया। यह विभाजन ह्यदशनामीह्व के नाम से जाना जाता है। आदि शंकराचार्य ने साधुओं को जिन दस नामों में विभाजित किया है, वे हैं- सरस्वती, पुरी, बाना, तीर्थ, गिरि, पर्वत, भारती, अरण्य, आश्रम एवं सागर। उन्होंने भारत की धार्मिक एकता एवं अध्यात्म के प्रचार के लिए यह व्यवस्था दी कि इन सभी साधुओं तथा चारों मठों के शंकाराचार्यों को प्रत्येक कुम्भ पर्व में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना चाहिए तथा देश के विभिन्न भागों से आये अन्य साधु-संतों तथा श्रद्धालुजनों से सम्पर्क करना चाहिए। यहां तक कि हिमालय की कंदराओं में एकांतवास करके साधना करने वाले तपस्वियों तक के लिए कुम्भ स्नान करना आवश्यक कर दिया गया। उसके बाद से ही यह परंपरा विकसित हुई कि कोई भी साधु देश के किसी भी कोने में निवास करता हो, वह कुम्भ स्नान के लिए अवश्य जाता है। इस तरह ये कुंभ एवं भारत की एकता के प्रतीक पर्व बन गये हैं।

# अम्बाला छावनी का डोमैस्टिक एयरपोर्ट आगामी फरवरी में होगा शुरू: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि डोमैस्टिक एयरपोर्ट अम्बाला छावनी का सारे क्षेत्र के लिए बनना बहुत बड़ी उपलब्धि है और यह डॉमेस्टिक एयरपोर्ट आगामी फरवरी माह तक संचालित कर दिया जाएगा। इस एयरपोर्ट से हरियाणा, वैस्ट्रन यूपी, पंजाब और हिमाचल की कनैक्टीविटी होगी। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि इस डोमैस्टिक एयरपोर्ट पर बडे से बडा जहाज उतर सकेगा और किसी भी मौसम में यहां से उड़ सकेगा। ऊर्जा, परिवहन मंत्री अनिल विज डोमैस्टिक एयरपोर्ट अम्बाला



छावनी का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने बताया कि डोमैस्टिक एयरपोर्ट से सम्बन्धित सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। सुरक्षा से सम्बन्धित उपकरण आ रहे हैं और जल्द ही गेट व अन्य स्थानों पर इंस्टाल कर दिए जाएंगे हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अभियंता से डोमैस्टिक एयरपोर्ट से सम्बन्धित कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा कारणों से यहां पर लगने वाले उपकरणों व अन्य कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। सम्बन्धित अधिकारी ने ऊर्जा मंत्री को अवगत करवाया कि सुरक्षा से सम्बन्धित उपकरण आ रहे हैं और

**उपलब्धि**

**स डोमैस्टिक एयरपोर्ट पर बडे से बडा जहाज उतर सकेगा और किसी भी मौसम में यहां से उड़ सकेगा**

उपकारण जल्द ही यहां पर पहुंच जाएंगे और उसके बाद गेट व अन्य स्थानों पर इन्हें इंस्टाल कर दिया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारियों को डोमैस्टिक एयरपोर्ट के प्रांगण में खाली पडे स्थान की सही तरीके से लैवलिंग व सफाई व्यवस्था करवाने के भी निर्देश दिए ताकि यहां की सुंदरता बढ़ सके।

**डोमैस्टिक एयरपोर्ट के बनने से लोगों को काफी फायदा होगा - विज**

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि डोमैस्टिक एयरपोर्ट अम्बाला छावनी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उन्होने बताया कि डिफैंस से 133 करोड़ रूपए में यहां पर एयरपोर्ट स्थापित करने के लिए जमीन ली गई है।

इसके अलावा, 40 करोड़ रूपए स्ट्रक्चर के लिए राशि दी गई है तथा 16 करोड़ रूपए से बिल्डिंग तैयार की गई है। अभी यहां पर उपकरण लगने हैं, जिसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं और उपकरण आते ही यहां पर इन्हें इंस्टाल कर दिया जाएगा।

# यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर किए पुष्प अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज झांसा में यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की 163वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए ।आयोजित कार्यक्रम में युवा शक्ति को संबोधित कर,इस शुभ अवसर की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर गांव के युवा साथियों के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा जिसमें युवा साथी पूरे प्रदेश में जाकर नशे के खिलाफ जागरूक करेंगे। युवा केवल उम्र से नहीं बल्कि संकल्प, साहस और समर्पण से होता है ।मैं विनोद पाल होलकर



आपके बीच आकर मैं अपने आप को युवा और अपने अंदर उल्लास, उमंग, उत्साह महसूस कर रहा हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है आप सभी युवा साथी स्वामी विवेकानंद जी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार रूप देंगे। युवाओं को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नशे से दूर रहने और प्रदेश से नशे को समाप्त करने की शपथ दिलवाई ।

## न्यूज फ्लैश

### आर.एस.एस और भाजपा के लोग देश में गरीबों को गरीब ही रखना चाहते हैं: लाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** :जब से भाजपा सरकार बनी है तब से देश में त्राहि त्राहि मची हुई है. पहले नोट बंदी करके देश को कंगाल बना दिया। युवाओं को 2 करोड़ नौकरियां देने का वायदा भी फुस्स हो गया। आज के दिन हर युवा विदेश की तरफ भाग रहा है, क्योंकि हिंदुस्तान में तो नौकरियों का नामोनिशान नहीं ।सरकार बोल रही थी कि किसानों की फसलों के सही दाम दिए जाएंगे लेकिन आज किसान खून की आंसू हो रहा है। फसल मंडी में कौड़ियों के दाम बिक रही है। देश का किसान आत्महत्या कर रहा है। क्योंकि वह कर्ज में डूब चुका है । देश को सिर्फ तीन लोग चला रहे हैं ।अदानी अंबानी व नीरव मोदी। उन्होंने देश का व्यापार व व्यापारियों दोनों को ठप कर दिया है ।आर.एस.एस और भाजपा के लोग देश की गरीबी की तरफ ले जा रहे हैं. कांग्रेस सरकार 36 बिरादरियों को साथ लेकर चलती थी। कांग्रेस राज में हर वर्ग खुश रहता था ।कांग्रेस ने देश में मनरेगा जैसी स्कीम चलाई ताकि हर गरीब के घर का चूल्हा जला रहे ।कांग्रेस की सबसे बड़ी देन स्कूल कॉलेज यूनिवर्सिटी जिससे हर घर गरीब का बच्चा अच्छी पढ़ाई कर सके। कांग्रेस ने हिंदुस्तान के अंदर बड़े-बड़े कारखाने लगवाएं ताकि जनता को रोजगार मिल सके। भाजपा ने लोगों का रोजगार छीना है। आज का किसान सड़कों पर धरने दे रहे हैं, लेकिन उनकी फिर भी मांग पूरी नहीं होती। जनता का भाजपा पर से विश्वास उठ चुका है ।वह भाजपा को भगाना चाहती है और कांग्रेस को लाना चाहती है आज जनता कांग्रेस राज को याद कर रही है।

### बबैल रोड़ और कुटानी रोड़ के जलभराव से मिली निजात



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरपाल ढांडा ने कुटानी रोड और बबैल रोड के पुनर्निर्माण व सैक्टर 29 पार्ट 2 में शहीद राजगुरु पार्क का शिलान्यास किया। कुटानी रोड का पुनर्निर्माण 2 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा, जबकि बबैल रोड के निर्माण पर 7 करोड़ 50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इन दोनों परियोजनाओं के तहत इन सड़कों को जल्द बनाया जायेगा ओर सैक्टर 29 पार्ट 2 में पार्क का निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर हरपाल ढांडा ने कहा कि इन सड़कों के पुनर्निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बरसों पुरानी समस्याओं से निजात मिलेगी। विशेष रूप से बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के पुनर्निर्माण से कुटानी रोड और बबैल रोड से जुड़ने वाले दर्जनों गांवों और कालोनियों को सीधा लाभ मिलेगा। इन सड़कों के बेहतर होने से स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा और आवागमन में सुगमता आएगी। ढांडा ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इन परियोजनाओं से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और क्षेत्र के दुकानदार भाइयों के लिये व्यापार की नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।

इस मौके पर स्थानीय लोगों ने सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि इन सड़कों के पुनर्निर्माण से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस अवसर पर कमिश्नर डॉ पंकज राव, पूर्व डिप्टी मेयर रविंद्र फुल्ले,पूर्व पार्षद रामकुमार सैनी,संजीव दहिया,पवन गोगलिया,पवन राणा, राजपाल,अनिल बजाज,दिनेश सैनी,कृष्ण आर्य,बिट्टू सरदार,विनीत गर्ग, बिट्टू प्रजापत,कपिल राणा,पवन जांगड़ा,सुरेंद्र मलिक,सोनू संधू,जसमेर फौर,राजाखेड़ी सरपंच प्रतिनिधि परवीन मलिक,राजबीर मलिक,अनिल शर्मा,बृजपाल,नूर आलम,सुनील शर्मा,सुमित गर्ग,अनुज रोहिल्ला,निगम एक्सईएन राहुल पुनिया आदि के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# युवा पीढ़ी स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलें: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉज के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भी श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर बोलते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने एवं राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्प लेने की जरूरत है। स्वामी विवेकानंद के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नैतिक मूल्यों और नए भारत के निर्माण की दृष्टि के अनुरूप है। अगर युवा पीढ़ी स्वामी विवेवकानंद के जीवन के नैतिक मूल्यों, शिक्षा, संस्कारों पर चलेगी तो निश्चित ही आने वाले कुछ समय में ही भारत फिर से



विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने युवाओं को उनके पदचिन्हों पर अनुसरण करने का आह्वान किया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शिक्षा मंत्री का स्वागत किया तथा भारतीय संस्कृति के पुरोधा व युवा शक्ति के आदर्श स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं । युवाओं को स्वामी जी के विचार जीने की नई राह देते हैं। स्वामी विवेकानंद जी के पदचिन्हों पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल कर सकता है। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, हरियाणा स्कूल शिक्षा

**श्रद्धांजलि**

**पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भी श्रद्धांजलि दी**

के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के वाईस चेयरमैन प्रो. सुरेन्द्र गक्खड, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. एआर चौधरी, प्रो. संजीव शर्मा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. रीटा, प्रो. महाबीर रंगा, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, डॉ. गुरचरण सिंह, सुभाष कलसाना, आदि मौजूद थे।

# कम्युनिटी लायजनिंग ग्रुप कर रहा सराहनीय कार्य: वरुण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देश अनुसार पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग द्वारा यह ग्रुप बनाया गया है। इसमें शामिल सदस्य आमजन के आपसी विवाद सुलझाते हैं। जिससे इन मामलों को बिना किसी मुकदमे के निपटाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस विभाग में आई शिकायतों का निपटान निष्पक्ष और तत्परता के आधार पर किया जाता है। जिनमें ज्यादातर शिकायतकर्ता सन्तुष्ट हो जाते हैं लेकिन कुछ शिकायतकर्ता पुलिस द्वारा की गई कारवाई से सन्तुष्ट नहीं होते। शिकायतों के निपटान के बाद सभी शिकायतों का फीडबैक लिया जाता है। फीडबैक के आधार पर यदि शिकायतकर्ता सन्तुष्ट नहीं होता है तो उस शिकायत को सीएलजी टीम के पास भेजा जाता है। सीएलजी टीम शिकायतकर्ता के घर जाकर उनकी शिकायत का निवारण करते हैं। इस प्रकार की कारवाई से ज्यादातर शिकायतकर्ता सन्तुष्ट पाए जाते हैं। सीएलजी के माध्यम से शिकायतें निपटानें में पुलिस का समय भी बचता है। इस तरह से इस समाधान केंद्र की मदद से जहां जनता का विश्वास पुलिस विभाग के प्रति बढ़ रहा है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर महायज्ञ किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: आर्य** समाज मंदिर में युवा दिवस, लोहडी,मकर संक्रान्ति के उपलक्ष में विश्व शांति के लिए "मेरा हाथ सबके साथ" संस्था ने श्री विवेकानंद जयंती पर महायज्ञ किया।

सर्वप्रथम विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए । युवा दिवस ,बैसाखी ,मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष पर सोनीपत की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने मिलकर सबकी सुख शांति के लिए महायज्ञ किया। जिसमें अनेक संस्थाओं के प्रधान ,सदस्य,गणमान्य व्यक्ति, शामिल हुए।

महायज्ञ में पधारे सभी को तिलक लगाकर व पटका पहनाकर स्वागत किया । स्वामी दयानंद सरस्वती 1008 ने महायज्ञ में आहुती डाली व सब के जीवन में सुख शांति के लिए आशीर्वाद दिया।

# चोरी की मोटरसाईकिलें रखने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना मुलाना में दर्ज चोरी की मोटरसाईकिल रखने के मामले में 10 जनवरी 2025 को थाना मुलाना पुलिस ने प्रबन्धक थाना उप-निरीक्षक बलकार सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी सुभम व विशाल उर्फ नोनू निवासी गांव धीन थाना मुलाना जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरास्त में भेज दिया। 10



जनवरी 2025 को अपराधों की रोकथाम हेतू गस्त के दौरान थाना मुलाना पुलिस दल को सूचना मिली कि आरोपी सुभम व विशाल उर्फ नोनू निवासी गांव धीन चोरी की मोटरसाईकिल को बेचने के लिए होली के रास्ते बराडा जायेंगे। थाना मुलाना पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए होली से धीन जाने वाली सडक पर नाकबन्दी कर संदिग्ध आरोंपियों को मोटरसाईकिल सहित काबू किया।

# रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। पुलिस विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन पर जागरूक अभियान चलाया।

अभियान के तहत पुलिस कर्मचारियों ने ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों को रोककर साइबर ठगी से बचने के उपायों को लेकर जागरूक किया। थाने में तैनात एचसी सरिता ने बताया कि साइबर ठग लोगों को अलग-अलग तरीके अपनाकर उनकी कमाई को चटक रहे है। ठग लोगों के मोबाइल पर फोन करके खातों व अन्य जानकारी लेकर ओटीपी भेज देते है।

# हिंदी भाषा राष्ट्र की अखंडता को मजबूत करती है: मिश्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है। यह हमारी पहचान है, और हम सभी हिंदी बोलकर अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखते हैं। हिंदी भाषा का इतिहास बहुत पुराना है और यह हमारे साहित्य, कला, और फिल्म उद्योग का अभिन्न हिस्सा है। हिंदी फिल्मों के माध्यम से यह भाषा न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में लोकप्रिय हुई है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित



भाषा संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में वाह फाउंडेशन के संयोजक नरेन्द्र श्योकन्द के नेतृत्व में मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने वृक्षारोपण भी किया। विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने अपने जीवन में अधिक अधिक हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार का संकल्प भी लिया। डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने विद्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा हिंदी भाषा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सभी समुदायों, धर्मों और संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। भारत में विविधता के

**अभिन्न हिस्सा**

**हिंदी भाषा का इतिहास बहुत पुराना है और यह हमारे साहित्य, कला, और फिल्म उद्योग का अभिन्न हिस्सा है**

बावजूद हिंदी ने हमेशा एकता का प्रतीक माना है। हिंदी भाषा हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करती है। हिंदी में संवाद करने से हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को आसानी से व्यक्त कर सकते हैं। हमें हिंदी को अपनी पहचान, अपने गर्व और अपनी सांस्कृतिक धरोहर के रूप में समझना चाहिए।

# कमजोर पासवर्ड रखना साइबर अपराध को निमंत्रण देना: एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पानीपत** पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे सोशल मीडिया अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि आज के दौर में हर काम इंटरनेट पर निर्भर हो रहा है। तमाम तरह के वित्तीय लेन देन मोबाइल के माध्यम से हो रहे हैं। जैसे- जैसे वित्तीय लेन देन को लेकर मोबाइल व इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ी है, वैसे-वैसे साइबर ठगी की घटनाओं में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। कमजोर पासवर्ड होने की वजह से भी हम कई बार साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अटैक से बचने हेतु मजबूत पासवर्ड का अहम योगदान हो सकता है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि साइबर अपराध से बचाने हेतु जिला पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध घटित हो जाता है तो उसे किस प्रकार से बचा जा सकता है बारे विस्तार पूर्वक बताया जा रहा है।

# हमारे युवा विकसित भारत के निर्माण के मिशन में सबसे आगे: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**स्थानीय** आई. बी. (पी जी) महाविद्यालय पानीपत में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अवसर पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 11 व 12 जनवरी को कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, उप प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा के नेतृत्व में दिखाया गया` इस कार्यक्रम में कॉलेज के लगभग 200 विद्यार्थियों ने आनंद उठाया । भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में हमारे युवा विकसित भारत के निर्माण के हमारे मिशन में सबसे आगे हैं` दिल्ली के भारत मंडपम में



विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग की शुरूआत हो गई है जिसमें देश के कोने-कोने से आए हजारों युवाओं की भागीदारी ही रही है` यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लाख यूथ लीडर तैयार करने की दिशा में पहला कदम उठाया है` स्वामी विवेकानंद जी की जयंती और युवा सशक्तिकरण की चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने के लिए राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है` पीएम मोदी ने इस युवा दिवस को नया रूप दिया` उन्होंने कहा कि वे देश के युवा साथियों को देश के विकास के साथ जोड़ना चाहते हैं,

**संवाद**

**पानीपत में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ**

विकसित भारत के साथ जोड़ना चाहते है इसलिए यूथ फेस्टिवल कुछ अलग तरीके से मनाया जाए `इस कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करके इस फेस्टिवल को मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम में बताया गया है कि देश आगे बढ़ रहा है, नये भारत का निर्माण हो रहा है` सदियों के बाद हम फिर से भारत माता को परम वैभव के स्थान पर विराजमान करने जा रहे हैं` देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा बिना लक्ष्य के जीवन नहीं होता, यह जीवन जीने की जड़ी बूटी होती है। जो लोग कहते हैं छोड़ो यार होता रहता है, कुछ बदलने की क्या जरूरत है क्यों सर खपाते हो, इस भावना के लोग मरी हुई लाश से ज्यादा कुछ नहीं होते। पीएम ने कार्यक्रम में 3 हजार से ज्यादा युवाओं को संबोधित किया। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग को मोटिव नेशनल यूथ फेस्टिवल को ट्रेडिशनल तरीके के आयोजित करने की 25 साल पुरानी परंपरा को तोड़ना है।

# छात्रा रिंपी ने राज्य स्तरीय चौम्पियनशिप में रजत पदक हासिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र कक्ष मंष:** देश के विभिन्न राज्यों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल में कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय की छात्रा खिलाड़ी रिंपी ने करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय वरिष्ठ एथलेटिक चैंपियनशिप में 800 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त करके




महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि छात्रा रिंपी की इस उपलब्धि पर परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, उपाध्यक्ष टी.के. शर्मा, निदेशक एस.एन. गुप्ता एवं प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# भाजपा युवा मोर्चा ने मनाया युवा दिवस, मिला सिद्धार्धन एवं भारद्वाज का मार्गदर्शन

युवा दिवस

▶▶ भाजपा जिला शिमला युवा मोर्चा द्वारा युवा दिवस का कार्यक्रम द्विपकमल में आयोजित किया गया




**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा जिला शिमला युवा मोर्चा द्वारा युवा दिवस का कार्यक्रम द्विपकमल चक्कर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, जिला अध्यक्ष केशव चौहान वरिष्ठ नेता गणेश दत्त एवं रूपा शर्मे विशेष रूप से उपस्थित रहें । कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हनीश चोपड़ा द्वारा की गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिद्धार्थन ने कहा की स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को युवाओं तक पहुंचाने और उन्हें प्रेरित करने के लिए, 1984 में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया। इस दिन, देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिनमें युवाओं को शामिल किया जाता है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा की भावना को जागृत करना होता है। राष्ट्रीय युवा दिवस का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह युवाओं को एक मंच प्रदान करता है जहां वे अपनी आवाज उठा सकते हैं। यह दिन युवाओं को उनके जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करने का भी एक अवसर है। सुरेश भारद्वाज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष-2047 की ओर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में हमारे युवा विकसित भारत के निर्माण के हमारे मिशन में सबसे आगे हैं। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर, हमने राष्ट्रीय युवा महोत्सव को एक असाधारण रूप में परिकल्पित किया है-'विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025'। यह संवाद केवल एक आयोजन नहीं है, यह एक अभियान है, युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व और व्यावहारिक विचारों का एक जीवंत उत्सव है, जो 'विकसित भारत' से जुड़े देश के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने कहा विवेकानंद जी के भाषणों का केंद्र बिंदु युवा शक्ति ही रहा करती थी इसलिए संपूर्ण भारतवर्ष में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिकागो में अपने भाषणों के माध्यम से उन्होंने पश्चिमी जगत के अनेकों धुरंधर चिंतकों को विस्मृत कर दिया था। विश्वकल्याण से परिपूर्ण उनके वेदांत के स्वर्णिम चिंतन को सुनकर वहां के समाचार पत्रों ने स्वामी विवेकानंद के बारे में लिखा था कि धर्म की इस महान संसद में विवेकानंद ही सबसे महान है।

# साहित्यकार केशव शर्मा की पुस्तक जीवन तरंग का विमोचन

संगोष्ठी

▶▶ बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं संगोष्ठी घुमारवीं में संपन्न हुई




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं संगोष्ठी घुमारवीं में संपन्न हुई। जिसमें संघ के सदस्य केशव शर्मा की पुस्तक जीवन तरंग का विमोचन किया गया। विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रविंद्र ठाकुर ने कीए जबकि मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध कहानीकार कृष्ण चंद्र महादेविया व विशेष अतिथि के रूप में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉक्टर लेखराम शर्मा उपस्थित रहे। मंच संचालन संघ के महासचिव रवींद्र कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत बीरबल धीमान द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। सरस्वती वंदना के बाद प्रबन्धकों की ओर से मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों को टोपी, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डॉ. अनेक राम सांख्यान तथा प्रोफेसर सुरेश शर्मा ने पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुत की। पुस्तक समीक्षा के बाद सभी विशिष्ट अतिथियों की ओर से केशव शर्मा के काव्यसंग्रह जीवन तरंग का विमोचन करते हुए पुस्तक के बारे में डॉक्टर लेख राम शर्मा ने कहा कि इस पुस्तक में जो रचनाएं लिखी गई है, वे हमारे जीवन में घटित होने वाली घटनाओं पर आधारित हैं तथा ये कविताएं किसी न किसी रूप में हमसे जुड़ी हुई हैं। मुख्यातिथि कृष्ण चन्द महादेविया ने बिलासपुर लेखक संघ की लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में भूमिका की सराहना की तथा पुस्तक के लेखक केशव शर्मा को बधाई दी। इस अवसर पर सुन्दरनगर से रतनलाल शर्मा व सुरिंदर मिश्रा भी उपथित थे।

## न्यूज फ्लैश

### चंबा में तीमारदार ने पीट दिया डॉक्टर, वार्ड से बाहर जाने को कहा था

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा:** चंबा में एक डॉक्टर को तीमारदार द्वारा पीटे जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आरोपियों के घटनास्थल से गायब होने का समाचार भी प्राप्त हुआ है। इसको लेकर डॉक्टरों में भारी रोष है तथा डॉक्टर ने इसकी शिकायत पुलिस में भी दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार डॉक्टर नेत्र वार्ड में मरीजों की जांच कर रहे थे। इसी के चलते डॉक्टर ने वार्ड में मौजूद मरीज के तीमारदार को वार्ड से बाहर जाने को कहा । इसके बाद जब डॉक्टर ने अपनी ड्यूटी समाप्त की तथा वह बाहर निकले तो वहां पर मौजूद उक्त व्यक्ति द्वारा डॉक्टर से इस बात को लेकर मारपीट कर दी इस घटना में उसके साथ दो अन्य आरोपी भी बताया जा रहे है। घटना रात करीब 11:30 बजे की है। डॉक्टर मयंक नेत्र वार्ड में मरीजों की जांच कर रहे थे। उस दौरान उन्होंने वार्ड में मौजूद तीमारदार को वार्ड से बाहर जाने के लिए कहा, लेकिन वह डॉक्टर से किसी मुद्दे पर चर्चा करने की बात कहने लगा। डॉक्टर मरीजों की जांच करने में व्यस्त हो गए। इसके बाद जब वह अपनी ड्यूटी करके अस्पताल के बाहर निकले तो वहां उक्त व्यक्ति तथा उसके साथ अन्य दो लोगों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ लोग डॉक्टर की मदद के लिए भी आगे आ गए। लोगों की जुटती भीड़ को देख आरोपी वहां से फरार हो गए। इसके बाद घायल डॉक्टर को वापस अस्पताल लाया गया, जहां पर उनका इलाज किया गया। उन्होंने पुलिस को भी सूचना दी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर तीन लोगों पर मामला दर्ज कर लिया। घटना को लेकर डॉक्टरों ने रोष जताया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि डॉक्टर से मारपीट मामले की जांच पुलिस गहनता से कर रही है। मेडिकल कॉलेज चंबा के प्रवक्ता एवं फैकल्टी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मानिक सहगल ने इस घटना को लेकर रोष प्रकट करते हुए इसकी निंदा की है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### देहरी कालेज मे ABVP का प्रांत स्तरीय सम्मान समारोह का अयोजन

**कांगडा (विजय समयाल)**

जिला कांगडा के वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी मे आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देहरी इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य पर प्रदेश स्तरीय स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह वजीर राम सिंह पठानिया महाविद्यालय देहरी में संपन्न हुआ` कार्यक्रम में कांगडा चम्बा संसदीय क्षेत्र के सांसद राजीव भारद्वाज व विशिष्ट अतिथि आदित्य तकियार राष्ट्रीय मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुख्य रूप से उपस्थित रहे`

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश द्वारा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में प्रदेश भर से विद्यार्थी भाग लेते हैं` वर्ष 2024 में आयोजित हुई परीक्षा का प्रदेश स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आज वजीर राम सिंह पठानिया महाविद्यालय देहरी में संपन्न हुआ`

नैन्सी अटल प्रदेश मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रों की समस्याओं को प्रदेश व देश में प्रमुखता से उठाने वाला छात्र संगठन है न सिर्फ छात्रों की समस्यायें बल्कि समय समय पर समाज के बीच भी ज़िम्मेदार छात्र संगठन होने होने की भूमिका भी समय समय पर निभाता है` उन्होंने कहा कि छात्र संगठन से ही नेता उभरते है । और एक अच्छा छात्र नेता बही है जो छात्रो समस्याओ को के हितो की लडाई लड़े ।

राजीव भारद्वाज सांसद कांगडा चम्बा संसदीय क्षेत्र

विशिष्ट अतिथि आदित्य तकियार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता अभविप हिमाचल प्रदेश का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम है जिसे हर वर्ष आयोजित किया जाता

# विजिलेंस में तैनात होमगार्ड जवान की करंट लगने से मौत

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**

राजधानी शिमला के न्यू शिमला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में विजिलेंस विभाग में तैनात 50 वर्षीय होमगार्ड जवान रविंदर की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना उनके सरकारी क्वार्टर में शनिवार की शाम को घटी जब वह ड्यूटी से बाहर थे। रविंदर कुमारसेन जिला शिमला के निवासी थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार घटना के समय रविंदर अपने क्वार्टर में अकेले थे। जानकारी के मुताबिक उनके कमरे में एक हीटर रखा था जिसे वह खाना बनाने के लिए इस्तेमाल करते थे। शुरूआती जांच में पता चला है कि खाना बनाते समय वह हीटर से करंट की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही पुलिस को घटना की सूचना मिली तो न्यू शिमला थाना के अन्वेषणाधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के साथ जांच को आगे बढ़ाया गया। पुलिस का कहना है कि मौत के असली कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस ने आज ही पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही है।

# विभिन्न जिलों के चयनित खिलाडियों ने पौंग बांध में किया अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**विजय समयाल**

**कांगडा:** केरल में आयोजित होने जा रही 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए टीम आज होगी रवाना। 16 से 19 जनवरी 2025 तक केरल में आयोजित होने जा रही 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी दो सप्ताह तक कडकती ठंड में जिला कांगडा की महारणा प्रताप सागर झील पौंग बांध में अभ्यास के बाद आज केरल के लिए कूच करेगें । ट्रेनिंग अधिकारी श्याम लाल का कहना है कि जीवन में आगे



बढ? के लिए हर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं ट्रेनिंग अधिकारी श्याम लाल ने वताया की अध्यक्ष डा. राजीव कुमार व राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया के दिशा-निर्देश में हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों के 24 खिलाड़ी 12 महिला व 12 पुरुष केरल में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में भाग लेंगे। पौंग डैम पर दो सप्ताह के अभ्यास के दौरान आज टीम केरल के लिए रवाना हो जाएगी । यह टीम केरल मे हिमाचल की तरफ से नीजि तौर पर प्रतिनिधित्व करेगी । उन्होंने बताया कि हिमाचल सरकार को इस तरहा की खेलो को भी बढ़ावा देने के लिए आगे आने की जरूरत है । आज तक प्रदेश सरकार की किसी भी विभाग मे वाटर स्पोर्ट्स सम्बंधित टीम नही है जो इस तरहा की खेलो मे अपना प्रतिनिधित्व कर सके। श्याम लाल ने बताया कि इस चैंपियनशिप के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने बाले खिलाडि?ों को अगले माह जर्मनी में आयोजित होने जा रही 17 वीं वर्ल्ड ड्रैगन बोट रेस चैंपियनशिप मे खेलने का मौका मिलेगा।

# उप मुख्यमंत्री ने कुल्लू के मौहल विश्राम गृह में लोगों से उनकी समस्याओं को सुना

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुल्लू के मौहल विश्राम गृह में लोगों से उनकी समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाषा विभाग में रिक्त पदों का मामला उनके संज्ञान में है तथा शीघ्र ही इनको भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार का उनका दौरा जल्दी में तय हुआ तथा यहां पर वे अपने सहयोगी रहे प्रोफेसर शशिकांत के पिताजी के देहान्त पर शोक व्यक्त



करने के लिए आए थे। उन्होंने कहा कि यहां पर विकास कार्यों की समीक्षा के लिए वे फिर से एक दौरा बनाएंगे।इस अवसर पर उपायुक्त तोरुल रवीश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# बालीवाल में 150 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** हरोली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बालीवाल में दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर का आयोजन सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम हरोली द्वारा किया गया। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने शिविर को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में अनुकरणीय कदम बताया तथा सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया। शिविर में डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में टीम के सदस्य प्रीति, मनीष और निहाल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# भराड़ी में सहकार भारती ने मनाया स्थापना दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** सहकार भारती बिलासपुर द्वारा 11 जनवरी को अपना स्थापना दिवस भराड़ी में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संगठन प्रमुख यशपाल रनौत ने सहकार गीत तथा कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुटुंभ प्रबोधन के प्रांत संयोजक धर्मपाल व संगठन के प्रांत पदाधिकारियों ने द्वीप प्रज्वलन द्वारा किया। इसमें संगठन के कार्यकताओं जिला बिलासपुर की सहकारी सभाओं के पदाधिकारियों, कर्मचारियों, सदस्यों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, प्रबुद्ध जनों और मातृशक्ति ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष देव दत्त शर्मा, जिला संगठन प्रमुख यशपाल रनौत, जिला महामंत्री सुनील शर्मा और तहसील अध्यक्ष प्रकाश चन्द ने कार्यकताओं को सहकार भारती के बारे में तथा इसके द्वारा चलाए जा रहे प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कीर्ति नरेश व पूर्व तहसील अध्यक्ष दूनी चंद भी उपस्थित रहे। प्रान्त महिला प्रमुख शीतल भारद्वाज ने सहकारिता ने महिलाओं के अमूल्य योगदान पर जोर दिया। प्रान्त संगठन प्रमुख डा. विवेक ज्योति ने सहकार भारती द्वारा किया जा रहे आर्थिक सेवा के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने सहकारिता पर विभिन्न कानूनी पहलुओं पर भी जानकारी दी। प्रान्त अध्यक्ष राजेश कुमार कपिल ने सहकारिता को सामाजिक और आर्थिक विकास का सर्वोतम मॉडल बताया तथा इसके गठन की पृष्ठभूमि की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को संगठन से जोड? और उन्हें बहुमूल्य प्रशिक्षण देने पर बल दिया। बैठक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधि कुटुंभ प्रबोधन के प्रांत संयोजक धर्मपाल का उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्हें समाज में सनातन परम्परा और पारिवारिक व सामाजिक सहकारिता का महत्व विस्तार से समझाया।

# श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर निकाली शोभायात्रा

झांकी

▶▶ आदर्श रामलीला नाटक समिति घुमारवीं द्वारा प्रभु श्री राम और लक्ष्मण की सुंदर झांकी निकाली गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति घुमारवीं द्वारा प्रभु श्री राम जी के अयोध्या जी में प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष होने के पावन अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। आदर्श रामलीला



नाटक समिति घुमारवीं द्वारा प्रभु श्री राम और लक्ष्मण की सुंदर झांकी निकाली गई। इस अवसर नगर वासियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। यह जानकारी देते हुए प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि यह शोभायात्रा श्री शालिग्राम नरसिंह मंदिर पुराना बस अड्डा से बाजार की परिक्रमा करते हुए दकड़ी चैक होते हुए वापिस पहुंची तत्पश्चात वापस पहुंची। इस दौरान भव्य भजन कीर्तन का आयोजन किया और सभी रामभक्तो को हलवा प्रसाद बांटा गया।

# पैंशनर्ज वेलफेयर एसोशिएशन औहर इकाई का वार्षिक सम्मान समारोह संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** पैंशनर्ज वेलफेयर एसोशिएशन औहर इकाई का वार्षिक सम्मान समारोह औहर के ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में इकाई के अध्यक्ष सीता राम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें घुमारवीं खंड के प्रधान लेखराम शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जबकि हरि सिंह ठाकुर प्रधान शहरी इकाई घुमारवीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस समारोह में प्रदेश महासचिव हुकम सिंह ठाकुर, बिलासपुर जिला प्रधान जगदीश दिनेश ठाकुर, महासचिव सीआर वर्मा, मुख्य सलाहकार अमरनाथ भारद्वाज,



झंडूता खंड के प्रधान बीरबल धीमान विशेष अतिथि बने। सर्वप्रथम दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इकाई सचिव सोहन लाल ठाकुर ने सभी पैंशनर्ज का स्वागत किया। इस अवसर पर 75 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके पैंशनर्ज को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इनमें पनोह से जयमल सिंह व फतेह सिंह, धराड़सानी से जगत राम शर्मा, कमलेश चंदेल, कल्लर से शीला देवी तथा औहर से कृष्ण दास शर्मा शामिल रहे। वहीं इस दौरान सर्वसम्मति से हुए चुनाव में एक बार फिर से सीता राम शर्मा को प्रधान चुना गया, तथा शेष कार्यकारिणी को यथावत रखने का भी अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संगठन हित में कार्य करने की सलाह देते हुए संगठन को मजबूत

सम्मान समारोह

▶▶ इसमें घुमारवीं खंड के प्रधान लेखराम शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा सदस्य जोड़ें जाएं ताकि ताकि पेंशनरो की मांगो को मजबूती से सरकार के साथ उठाया जा सके। सरकार के पास लंबित मुख्य मांगों में संशोधित वेतनमान का बकाया, महंगाई भत्ते की किस्तें, उनका बकाया, लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान करना आदि शामिल है जिन्हे सरकार से पिछले आठ साल से भुगतान की मांग लगातार की जा रही है लेकिन सरकार द्वारा इन मांगो को अनदेखा किया जा रहा है तथा आर्थिक संकट का बहाना बनाकर जनता और पेंशनरों को गुमराह कर रही है। इस समारोह में कृष्ण लाल नड्डा, बांके बिहारी चंदेल, तारा चंदेल, जगरनाथ, प्रकाश चंद, अमरनाथ, सूरम सिंह चंदेल, नंद लाल, सीता राम नेगी, प्रेम लाल बीना, अश्वनी शर्मा, गुलाब सिहं, रणजीत सिंह, राजपाल शर्मा, गुरदेव कौशल, कश्मीर कौशल, अक्षर कुमार, कर्म सिंह, जगत राम, निर्मला देवी, सुमन धीमान, कांता देवी, हरमेश, तुलसी राम, रतन सिंह, अनंत राम, प्यारे लाल, राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राउपा भटेड़ की छात्रा आरती ने प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में हासिल किया दूसरा स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** श्री नयना देवी जी के समीप की पंचायत खरकड़ी के राजकीय उच्च पाठशाला भटेड़ शिक्षा खंड श्री नयना देवी जी की छात्रा आरती देवी ने जिला भर में नंदलाल मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से विज्ञान एवं वर्तनी प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता में शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करके जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गंडीर में जिला बिलासपुर के सरकारी स्कूलों में




पढ़ रहे छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए किया गया था। आरती को शानदार प्रदर्शन करने के लिए इनाम स्वरूप संस्था की ओर से 2100 की ईनाम राशि एवं मोमेंटो भी प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त इस प्रतियोगिता में कुमारी राधिका को भी 400 रूपए का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर पाठशाला के मुख्य अध्यापक रणवीर सिंह चैहान ने बच्चों को शानदार प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## न्यूज फ्लैश

### घर में घुसकर दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने घर में घुसकर दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रणबीर उर्फ खुट्टी निवासी बिंधरौली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बिंधरौली निवासी ओमप्रकाश ने गत 10 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह आठ जनवरी को अपने बाइक पर आया था। उसे मकान के अंदर खड़ी करके सो गया। अगले दिन उठकर देखा तो उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सिपाही मनीष की टीम ने बाइक चोर की तलाश करते हुए उसके काबू कर लिया है। आरोपित के पास से चोरी की बाइक बरामद कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### गाड़ी से जेवरात चोरी, फुफेरे भाई के दोस्त पर चोरी का आरोप

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र की शास्त्री कॉलोनी में गाड़ी से जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। जेवरात चोरी होने का आरोप युवक के रिश्तेदार के दोस्त पर लगा है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शास्त्री कॉलोनी निवासी राजसिंह ने बताया कि गत कि एक जनवरी को उसकी बुआ के बेटे मनोज ने उसे जाहरी चौक पर लेने के लिए बुलाया था। वह उसके गाड़ी में लेने चला गया। उसके साथ जटवाड़ा का रहने वाला उसका दोस्त भी था। वह गाड़ी में दोनों को घर ले आया। इस दौरान विक्रम घर से बाहर रह गया। उसने गाड़ी को लॉक नहीं किया था। उसके आधे घंटे बाद उसका बेटा हर्ष दोनों को दूसरी गाड़ी से छोड़ने चला गया। अगले दिन गाड़ी चेक की तो डेशबोर्ड में रखा 20 ग्राम सोना गायब मिला। सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो फुफेरे भाई मनोज का दोस्त विक्रम गाड़ी में बैठता दिखाई दिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुनील कुमार ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### जिला नागरिक अस्पताल में हीमोफीलिया मरीजों के लिए कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत:** जिला नागरिक अस्पताल में इंटास फाउंडेशन और जिला हीमोफिलिया सोसायटी के सहयोग से हीमोफीलिया मरीजों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रोगियों को फैक्टर आठ के इंजेक्शन वितरित किए गए। नोडल अधिकारी डा. नीरज यादव ने बताया कि जिला अस्पताल के आपातकालीन विभाग में जाकर इंजेक्शन लगवाना पड़ता है। प्रदेश में लगभग 700 से अधिक हीमोफीलिया मरीज हैं, जिन्हें समय पर फैक्टर आठ और नौ के इंजेक्शन लगाना बेहद जरूरी होता है, अन्यथा शरीर के आंतरिक अंगों में रक्तस्राव से गंभीर खतरा हो सकता है। उन्होंने बताया कि हीमोफीलिया एक जेनेटिक ब्लड डिसआर्डर है, जो ज्यादातर मां से बच्चों में ट्रांसफर होता है। इसके प्रति जागरूकता की कमी होने से कई बार लोगों को इसका पता देर से चलता है, वहीं परेशानी काफी बढ़ जाती है। हीमोफीलिया से ग्रसित लोगों में रक्त का थक्का यानी की ब्लड क्लॉट्स नहीं बनता है। इस परेशानी से पीड़ित लोगों के ब्लड में एक प्रकार के प्रोटीन की कमी होती है, जिसे क्लोटिंग फैक्टर भी कहते हैं।

# विज ने मल्टीलेवल कार पार्किंग के टॉप फ्लोर पर भी शेड लगाने के दिए निर्देश

## विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद अधिकारियों एवं भाजपा पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

**विकास पर बल**

**▶▶ नगर परिषद अधिकारियों को छावनी चल रहे विकास कार्यों के शीघ्र पूरा करने तथा अन्य कार्यों को लेकर चर्चा की**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर अम्बाला छावनी में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद अधिकारियों एवं भाजपा पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। विज ने बैठक के दौरान नगर परिषद अधिकारियों को छावनी चल रहे विकास कार्यों के शीघ्र पूरा करने तथा अन्य कार्यों को लेकर चर्चा की। उन्होंने छावनी के विभिन्न क्षेत्रों में डाली जा रही सीवरेज पाइप लाइन के कार्य की समीक्षा की तथा जहां-जहां पाइप लाइन डाली जा चुकी है वहां सड़क रिपेयर कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बब्याल, खुड्‌डाखुर्द, मच्छौंडा और 12 क्रास रोड पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण को लेकर जानकारी ली। नप अधिकारियों ने बताया कि बब्याल में एसटीपी का निर्माण पूरा हो चुका है जबकि शेष तीनों एसटीपी का निर्माण जल्द पूरा किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने निगार सिनेमा के साथ गली में डाले जा रहे स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन के कार्य की जानकारी ली तथा रोड के बीच में लगे बिजली के पोल को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने निर्माणाधीन बैंक स्क्वेयर के समक्ष भी बिजली की तारों को हटाने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गांधी ग्राउंड में साइकिल ट्रैक को जल्द प्रारंभ करने के लिए यहां साइकलें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि इसका जल्द उद्घाटन किया जा सके।कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने रेलवे रोड पर मल्टीलेवल कार पार्किंग के टॉप फ्लोर पर भी शेड लगाने के निर्देश दिए ताकि टॉप फ्लोर पर भी ज्यादा से ज्यादा कार खड़ी की जा सकें। उन्होंने कार पार्किंग में कार लिफ्ट का भी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने नगर परिषद अधिकारियों के साथ सदर क्षेत्र में डाले जा रहे स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन के कार्यों को लेकर भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि पाइप लाइन डालने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। श्री विज ने इस दौरान पानी निकासी को लेकर विभिन्न स्थानों पर लेवल भी चेक करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ईदगाह रोड पर गुड़गुड़िया नाले के किनारे दीवार का निर्माण भी जल्द प्रारंभ करने के निर्देश उन्होंने दिए। इसके अलावा बैठक में अन्य विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई।

बैठक के दौरान नगर परिषद के ईओ रविंद्र कुहार, एक्सईएन मनदीप सिंह व कई अधिकारियों के अलावा भाजपा नेता विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, ललता प्रसाद, सुरेंद्र बिंद्रा, बीएस बिंद्रा, संजीव सोनी, नरेंद्र राणा, राम बाबू यादव, श्याम सुंदर अरोड़ा, आशीष अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति के वाहक हैं स्वामी विवेकानंद : हरिओम



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र, 12 जनवरी :** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका श्री शिव शक्ति मंदिर एवं आश्रम परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य व्यक्तियों एवं विद्वानों द्वारा अपनी वाणी एवं ओज से स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। आश्रम के संस्थापक एवं संचालक हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत की महान संस्कृति एवं परंपराओं के वाहक थे। विदेश जाकर उन्होंने अपनी एक दहाड़ से विश्व को बताया कि मेरे विश्वगुरु भारत ने अलग-अलग विधाओं में अपना परचम लहराया है। भारत ने गीता जैसा ग्रंथ दिया है जिसमें जीवन का संपूर्ण दर्शन मौजूद है। हमें स्वामी विवेकानंद के जीवन पथ पर चलना चाहिए। आज के कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ.अनामिका द्वारा बताया गया कि जो समाज जीवन दर्शन पर कार्य करता है, वह सब ईश्वरीय कार्य में लगे होने पर उन्हीं का अंग बन जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित नरेश सैनी ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद पर निरंतर अध्ययन करना चाहिए क्योंकि युवाओं के लिए उनका जीवन हर नजरिए से उपयोगी है। कार्यक्रम में मौजूद जोगेंद्र दत्ता ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वात्सल्य वाटिका में भी आज फिर से शिकागो जैसा वातावरण और विवेकानंद जैसा मार्गदर्शन नजर आ रहा है। यह आश्रम आज उसी परिपेक्ष में कार्य कर रहा है। अंकुश गोयल ने भी अपने संबोधन में कहा कि वात्सल्य वाटिका परिवार भारतीय संस्कृति, शिक्षा और संस्कार पर अच्छा कार्य कर रहा है।

# सड़क सुरक्षा माह के दौरान टोल पर वाहनों पर लगाए जा रही रिफ्लेक्टर टेप

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** उत्तर भारत में ठंड व कोहरे से आमजन को परेशानी में डाल रखा है। कोहरे ने वाहनों की रफ्तार रोक रखी है। कोहरे में हादसे को कम करने व लोगों को जागरूक करने के लिए जिले में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। सोनीपत खरखौदा सड़क मार्ग पर गांव झरोठी के पास स्थित टोल पर लोगों को जागरूक करने व वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य किया जा रहा है। टोल कर्मचारी निःशुल्क वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा रहे है। ताकि कोहरे में वाहन चालकों को मदद मिल सके। झरोठी टोल पर तैनात मैनेजर मुकेश चौहान ने बताया कि पुलिस विभाग व जिला प्रशासन की तरफ से सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। उनकी तरफ से भी टोल पर तैनात कर्मचारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने के काम कर रहे है। टोल से गुजरने वाली कार, ट्रक, ट्रैक्टर-ट्राली जिस पर रिफ्लेक्टर टेप नहीं लगी मिलती, उसे रूकवाकर टेप लगाने का काम किया जा रहा है। मुकेश का कहना है कि कोहरे के चलते वाहन पर लाइट लगने से रिफ्लेक्टर टेप दिशा दिखाने व वाहन होने का संकेत देती है।

# तेज रफ्तार कैंटर ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को चपेट में लिया, मौत

**दुर्घटना**

**▶▶ गांव पिनाना के पास सड़क किनारे बाइक पर बैठे युवक को तेज रफ्तार कैंटर ने चपेट में लिया**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सोनीपत-मोहाना** सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। गांव पिनाना के पास सड़क किनारे बाइक पर बैठे युवक को तेज रफ्तार कैंटर ने चपेट में लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मोहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गांव किलोहड़द निवासी शामफूल ने बताया कि उसका बेटा कर्मबीर (23) बाइक पर सवार होकर गोहाना की तरफ जा रहा था। रास्ते में गांव पिनाना के पास उसका रिश्तेदार सुनील मिल गया। वह सड़क किनारे बाइक रोककर उस पर बैठे-बैठे ही उससे बातचीत करने लगा। इसी दौरान तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी। सुनील ने साइड में कूद कर खुद को बचाया। जबकि हादसे में कर्मबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर लगने से कैंटर में पंचर हो गया। चालक ने कैंटर रोक लिया। उसके बाद भीड़ का फायदा उठाकर कैंटर चालक वाहन सहित फरार हो गया। सुनील ने कैंटर पर लिखा नंबर भी नोट कर लिया। हादसे में लगी चोट के कारण कर्मबीर की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मोहाना थाना पुलिस ने हादसा स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### खेत से लाखों रुपये कीमत का सरिया चोरी

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर के खेत से लाखों रुपये कीमत का सरिया चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-14 सोनीपत निवासी वाशु ने बताया कि गांव नसीरपुर में उनकी जमीन है, जिसकी वह चहारदीवारी करा रहा है। उसके खेत में सरिया के 40-45 बंडल रखे थे। जोकि निर्माण कार्य में इस्तेमाल किए जाने थे। किसी ने सरिया चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सरिए की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई रिना ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# शार्ट सर्किट से फोम फैक्टरी में लगी आग, पाया काबू

**आग की लपटें**

**▶▶ मौके पर पहुंची दमकल विभाग की अलग-अलग चार टीमों ने ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आगामी पर काबू पाया**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी के पास स्थित फोम की फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपट उठती देख कर्मचारियों ने मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। फैक्ट्री में आग लगी देखा लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की अलग-अलग चार टीमों ने ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आगामी पर काबू पाया। आग पर फैक्टरी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गांव बड़वासनी नहर के पास विक्रांत पोली फोन की फैक्टरी है। फैक्टरी में फोम बनाने का कार्य किया जाता है। फैक्टरी के अंदर फोम काफी मात्रा में मौजूद था। शनिवार सुबह करीब छह बजे शार्ट सर्किट की वजह से पास रखे फोम में आ लग गई। फैक्ट्री में काम करने वाले सभी श्रमिक सुरक्षित बाहर निकाल आए। फैक्ट्री के गार्डो और कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन फोम की वजह से आग बढ़ती चली गई। मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। आग की लपट उठती देख ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती ही चली गई। मौके पर दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। विभाग की अलग-अलग चार टीमों ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, आग से फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। फैक्टरी के अंदर रखा फोम जलकर खाक हो गया। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया दिया गया है।

# पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ करने के चार दोषियों को चार-चार साल कैद की सजा

**सजा का ऐलान**

**▶▶ चारों दोषियों को चार-चार साल कैद की सजा सुनाई है। तीन दोषियों पर र्जुमाना लगाया गया**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: पुलिस** टीम के साथ मुठभेड़ करने के आरोपितों को अदालत ने दोषी करार दिया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार मान अदालत ने चारों दोषियों को चार-चार साल कैद की सजा सुनाई है। तीन दोषियों पर 15100 रुपये व एक पर 12100 रुपये जुर्माना लगाया गया है। सीआईए गोहाना में नियुक्त तत्कालीन एसआई जलजीत सिंह ने 16 मार्च, 2021 को पुलिस को बताया था कि वह अपनी टीम के साथ 15 मार्च, 2021 की रात को गश्त पर थे। तभी सूचना मिली थी कि मुंडलाना से खानपुर कलां मार्ग पर चार बदमाश लूट का षड्यंत्र रच रहे हैं। सूचना के आधार पर वह अपने साथी एएसआई धर्मबीर सिंह, एएसआई कंवर भान, एचसी अनूप सिंह, हरेंद्र, मनोज व सिपाही सुनील को लेकर मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने बदमाशों को आत्मसमर्पण करने को कहा था तो उन्होंने फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने बचाव में जवाबी कार्रवाई की तो एक बदमाश के पैर में गोली लग गई थी। जिसके बाद पुलिस ने चारों को काबू कर लिया था। घायल आरोपित की पहचान गोहाना में चोपड़ा कॉलोनी निवासी सोनू उर्फ काला के रूप में हुई थी। पुलिस ने उसके साथी गोहाना के आर्य नगर निवासी मोहन उर्फ मोनू, रोहतक के खेड़ी साध निवासी मोहित व निंदाना निवासी मोहित कुमार को काबू किया था। उनके पास से तीन देशी पिस्तौल, पांच कारतूस व तीन खोल मिले थे।

### स्कूल में चोरों ने लगाई सेंध

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव लुहारी टिब्बा स्थित शिक्षा के मंदिर से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने दरवाजे की कुंडी काटकर वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव लुहारी टिब्बा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या सविता दहिया ने पुलिस को बताया कि सुबह स्कूल गए तो दरवाजे की कुंडी गैस कटर से कटी हुई थी। अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखे दो गैस सिलेंडर, चार सोलर इन्वर्टर बैटरी, हैज कटर, जाली, पानी की पाइप व अन्य सामान गायब था।

# स्वस्थ समाज सशक्त भारत का निर्माण करता है: दुष्यंत भट्ट

टीम एक्शन इंडिया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**भाजपा** जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने गांव छाजपुर कला में इंडोर जिम का उद्घाटन कर ग्रामवासियों को संबोधित किया।गांव में पहुंचने पर सरपंच राजेंद्र रावल ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि देश एवं प्रदेश में भाजपा सरकार जनहितैषी कार्यो को अमलीजामा पहनाने में जुटी हुई है।इसी क्रम में सरकार ने हर गांव में व्यायामशाला देकर ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के अवसर दिए है क्योंकि यदि समाज स्वस्थ रहेगा तो वह राष्ट की उन्नति के लिए और अधिक योगदान दे सकता है।हरियाणा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब नायब नेतृत्व में समाज का हर वर्ग खुशहाल है।बिना खर्ची बिना पर्ची के सरकारी पदों पर भर्ती ने पूरे देश में एक नई मिसाल कायम की है।अनेक राज्यों की सरकार हरियाणा के सुशासन के मॉडल को अपना रही है।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने गांव वासियों को मकरसंक्रांति की शुभकामनाएं दी । हिंदू संस्कृति के अनुसार मकरसंक्रांति पर बुजुर्गो को सम्मानित करने की परंपरा बरसों पुरानी है इसलिए उन्होंने गांव के बुजुर्गो को सम्मानित भी किया।



**सम्मान**

**▶▶ बुजुर्गो को सम्मानित करने की परंपरा बरसों पुरानी है उन्होंने गांव के बुजुर्गो को सम्मानित भी किया**

इस अवसर पर सरपंच राजेंद्र रावल,नरेश गोस्वामी,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष त्यागी,अनवर रावल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर जिले के 14 गांव में जिम की हुई शुरूआत

टीम एक्शन इंडिया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**रविवार** को स्वामी विवेकानन्द जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में याद किया गया। जिले के 14 गांव जिनमें पसीना कलां, बबैल, बडौली, बराना, ददलाना, महमदपूर,प्रहलादपुर खलीला, कुराड़, छाजपुर कलां, बलाना, बिजावा, बुढ़श्याम, कुटानी व बुआना लाखु शामिल हैं, में इंडोर जिम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया है कि स्वामी विवेकानंद के विचार थे कि जीवन में मुश्किल कितनी भी आए हमें हार नहीं माननी चाहिए । समस्या का हल नहीं हो सकता ऐसा कुछ भी नहीं है। उनके विचार ही उनकी ताकत का एहसास कराते थे।



वो कहते थे हम वही बनते हैं जो हम सोचते हैं। समाज में आज भी उनकी शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवा सशक्तिकरण व उनके नेतृत्व पर जोर दिया था। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर जिला को 14 जिम की सौगात मिली है। इससे युवा अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकेंगे।

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर छाजपुर कलां में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने इनडोर जिम का शुभारंभ करते हुए कहा कि यदि हम स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर ले तो पूरी वैश्विक समाज में बड़ी क्रांति का जन्म हो सकता है। दुनिया विकास की राह पर सुंदर और बेहतर बन सकता है। युवा हैं तो देश का आधार है, यही स्वामी

**युवा आगे बढ़े**

**▶▶ यदि हम स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर ले तो पूरी वैश्विक समाज में बड़ी क्रांति का जन्म हो सकता है**

विवेकानंद के विचार थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह की सोच है कि युवा आगे बढ़े व स्वस्थ रहकर देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि यह इनडोर जिम युवाओं को नई जागृति प्रदान करेंगे। उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि वे जिम जाकर स्वास्थ्य को और मजबूती प्रदान करें।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के भाई एवं प्रमुख समाज सेवी हरपाल ढांडा ने जिम का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय युवा दिवस है स्वामी विवेकानंद की जयंती है हमें इसी से अपने जीवन को नई दिशा देनी चाहिए दीपक की तरह तभी चमक सकते हैं जब हमारे अंदर आगे बढ़ाने की जिज्ञासा हो। स्वामी विवेकानंद ने युवा सशक्तिकरण को लेकर युवाओं में जोश पैदा करने का प्रयास किया था जिसका असर आज तक दिखाई दे रहा है।

पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता प्रदीप ने बुढश्याम में जिम का शुभारंभ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह की दूरगामी सोच का युवाओं को बड़े स्तर पर लाभ मिल रहा है। गांव में जो जिम लगाए गए हैं।

# मारपीट कर फोन से रुपये ट्रांसफर करने की वारदात में शामिल चार गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना सोनीपत पुलिस ने मारपीट कर जबरदस्ती फोन से रुपये ट्रांसफर करने की वारदात में शामिल आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक, संदीप निवासी लिवासपुर, पंकज निवासी फतेहगढ़, मोहमद सलमान निवासी बिहार का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से चारों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव बड़ौली निवासी शेखर ने गत 9 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कुमासपुर स्थित कंपनी में नौकरी करता है। वह कंपनी से घर जाने के लिए निकला। वह बहालगढ़ चौक पर मूंगफली वाली रेहड़ी के पास आकर रुक गया। उसके बाद अपनी बाइक को किक मारने लगा, तो उसके पास बाइकों पर पांच से छह लड़के आए। उन्होंने उसका मोबाइल फोन दिखाने के लिए कहा। उसने फोन का उन्हें दे दिया। एक युवक के हाथ में हथियार भी था। उसके फोन से उन्होंने अपने फोन के स्कैनर में 16000 हजार रुपये की राशि को ट्रांसफर करवा लिया। उसके बाद दूसरे लड़के ने फोन में रुपये डालने का दबाव दिया।

**वारदात**

**▶▶ 13 हजार घर से अपने भाइयों के पास से डलवाए उसके बाद उन्होंने उसके साथ मारपीट किया**

उसने 13 हजार रुपये घर से अपने भाइयों के पास से डलवाए उसके बाद उन्होंने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके बाद फोन वापस देकर बाइकों पर बैठकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# न्यू सीनियर सिटीजन ने धूमधाम से मनाया सदस्यों का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः प्रमुख सामाजिक** संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने रविवार को अपने 13 सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर सभी 13 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। संस्था द्वारा सभी सदस्यों को माल्यार्पण कर, सुंदर उपहार भेंटकर सदस्यों को जन्मदिन की बधाई दी, और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान संस्था सदस्यों ने एक दूसरे को मकर संक्रांति पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन महावीर गुप्ता ने किया। बाहरी दिल्ली के नरेला में रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में प्रमुख सामाजिक संस्था न्यू सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.)द्वारा रविवार को हर माह की भांति इस बार भी अपने संस्था सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपने 13 सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर न्यू सीनियर सिटीजन के पदाधिकारियो ने शांति देवी, प्रेमचंद मंगला, विजय प्रकाश गर्ग, विनोद बंसल, पवन कुमार बंसल, राधेश्याम बंसल, संतोष देवी, पनपति, सुनीता गुप्ता, मंजू अग्रवाल, रामप्रसाद, अनीता (राधा) पवन कुमार मित्तल के जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर उनको जन्मदिन की बधाई दी और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस दौरान संस्था सदस्यों ने भजन व कविता पाठ भी किया। इस मौके पर न्यू सीनियर सिटीजन के प्रधान कृष्ण बंसल ने संस्था सदस्यों को मकर संक्रांति पर्व की बधाई दी। संस्था महासचिव महावीर प्रसाद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा हर माह भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उस माह में पडने वाले संस्था सदस्यों का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सामूहिक रूप से मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में भी संस्था के 13 सदस्यों का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम पश्चात संस्था की ओर से सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में प्रधान कृष्ण कुमार बंसल, मुख्य महासचिव महावीर प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विद्यासागर बंसल, संरक्षक शिवचरण गुप्ता, महासचिव राधेश्याम बंसल ,रामानंद गुप्ता सहित सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चांदनी चौक प्रत्याशी सतीश जैन के समर्थन में उतरें भाजपा कार्यकर्ताः असड़ी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने दूसरी लिस्ट जारी करते हुए भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ इस बार नए चेहरों को भी मौका देते हुए दाव खेला है।

इसी कड़ी में चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र से सतीश जैन को मौका दिया है। टिकट मिलने के बाद सतीश जैन ने सबसे पहले क्षेत्र स्थित प्राचीन गौरी शंकर मंदिर में माथा टेककर जीत का आर्शिवाद मांगा, तत्पश्चात उन्होंने फतेहपुरी चौक स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यापण किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी सतीश जैन के समर्थन में मौजूद रहे। इस मौके पर जैन के समर्थन में चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असड़ी के साथ-साथ तीनों मंडल अध्यक्ष चांदनी चौक मंडल अध्यक्ष रोहित शर्मा, जामा मस्जिद मंडल अध्यक्ष आशा वर्मा, सिविल लाईन मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा के साथ ही चांदनी चौक विधानसभा विस्तारक सागर प्रजापति, चांदनी चौक जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष अमन वर्मा, अमनप्रीत सिंह के अतिरिक्त भाजपा के कार्यकर्ता भी सैंकड़ों की तादात में मौजूद रहे। इस मौके पर हरीश असड़ी ने कहा कि दिल्ली की जनता आप की सरकार से तंग आ चुकी है।

# करतार सिंह तंवर की चुनावी रैली में उमड़ा जनसैलाब





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार करतार सिंह तंवर ने सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में अपनी पहली चुनाव यात्रा निकाली। हजारों स्थानीय निवासियों और मतदाताओं ने करतार सिंह तंवर की चुनाव यात्रा में भाग लिया। प्रमुख नेताओं में सुंदर तंवर, उमेद सिंह फोगाट, अमित तंवर, रमेश अंबावता और सतीश लोहोया शामिल थे।

जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि इस चुनाव में दक्षिण दिल्ली के विशेष रूप से छत्तरपुर और आस-पास के निर्वाचन क्षेत्रों के लोग पानी की सही आपूर्ति, सीवरेज, बस सेवा, स्कूल आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी और भारी बिजली बिलों से त्रस्त होकर आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुके हैं।

करतार सिंह तंवर ने कहा कि आज अरविंद केजरीवाल छत्तरपुर और दिल्ली के अन्य क्षेत्रों के गरीब लोगों को अपनी पुरानी योजनाओं को नया नाम देकर बहकाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन केजरीवाल को यह समझना चाहिए कि दिल्ली की जनता उनके झूठ से तंग आ चुकी है और समग्र विकास के लिए भाजपा को वोट देगी।

# बुराड़ी विधानसभाः केजरीवाल ने दिल्ली को बनाया नशे की राजधानीः संजीव मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली की सत्ता** से दस सालों तक दूर रहने के बाद दिल्ली में कांग्रेस पार्टी मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है, जिसका एक श्रेय कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव को भी जाता है।

जिन्होंने दिल्ली में कांग्रेसीनुमा डुबती हुई कांग्रेस की नईया को पार लगाने का काम किया है। जिसके बाद दिल्ली में कांग्रेस पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में उतरी है व दिल्ली की अहम सीटों पर मजबूत चेहरे उतारे है। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर वार्ड में रहने वाले समाज सेवी संजीव मिश्रा ने बताया कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के



प्रत्याशी मंगेश त्यागी को क्षेत्र के लोगों का पूरी तरह से समर्थन मिल रहा है और क्षेत्र के लोग भी चाहते है कि इस बार बुराड़ी क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने की जरूरत है।

**लोग चाहते है बुराड़ी में हो बड़ा बदलावः** लोग अब क्षेत्रीय विधायक संजीव झा से तंग आ चुके है जिसके चालते अब लोगों में संजीव झा के खिलाफ काफी रोष है और मंगेश त्यागी को ही विधायक के रूप में देखना चाहते है। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी एकजुटता और मजबूती से चुनाव मैदान में है। किसी भी स्तर पर पार्टी कमजोर नहीं है। ना उम्मीदवारों के मामले में और ना ही प्रचार को लेकर।

संजीव मिश्रा ने कहा कि ईमानदारी की बात करने वाले केजरीवाल ने दिल्ली को नशे की राजधानी बना दिया। उन्होंने कहा कि डीटीसी, जल बोर्ड, बिजली, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, स्वास्थ्य और शराब घोटाला कर आप सरकार ने दिल्ली को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। हम कांग्रेस की विचारधारा, सच्चाई, ईमानदारी और सबके हक व अधिकारों की लड़ाई लड़कर दिल्ली की जनता को जागरूक बनाने के लिए काम करेंगे और झूठ बोलने वाले केजरीवाल के लगातार पिछले 11 वर्षों से किए जा रहे बेबुनियादी, खोखले और झूठे वादों को दिल्ली की जनता के समक्ष उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भले ही दिल्ली में जीरों रहा हो, लेकिन इस चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड जीत मिलने वाली है,क्योंकि दिल्ली की जनता ने कांग्रेस का भी शासन काल देखा था जब दिल्ली में लोग खुशहाल जीवन जी रहे थे, लेकिन जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी आई है तब से दिल्ली का बेड़ागर्क हो चुका है।






## सुयश ने की शानदार बल्लेबाजी, दयानंद एसोसिएशन पहुंचा फाइनल में

**एजेंसी**

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के बी डिवीजन में हुए सेमी फाइनल में दयानंद यंग मेंस एसोसिएशन ने आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में सुयश सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 62 रन बनाये। आशीष नेहरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में अपने सभी विकेट गंवाकर 166 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज यशवर्धन ने 20 रन का योगदान दिया। अमित राज ने अपनी टीम में सबसे अधिक 32 रन बनाए, जबकि हर्ष वर्धन ने 18 रन का योगदान दिया। ऋतिक मिश्रा ने 28 रन का योगदान दिया, वहीं दयानंद की टीम ने छह विकेट गंवाकर 169 रन बना लिए और मैच को चार विकेट से जीत लिया। सबसे अधिक 62 रन सुयश ने बनाये। वहीं विदित सिंह ने 52 रन का योगदान दिया। वर्तुल शुक्ला ने 21 रन बनाये।

## उत्तराखंड राष्ट्रीय खेल: 2000 खिलाड़ी व प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

**नैनीताल।** उत्तराखंड में हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों को लेकर तैयारियान चरण में हैं। इस राष्ट्रीय पर्व में विभिन्न राज्यों से लगभग 2000 खिलाड़ी और प्रतिनिधि (डेलीगेट) हिस्सा लेंगे। हल्द्वानी स्थित मिनी स्टेडियम में तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और नोडल अधिकारी अशोक पांडेय ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी से 14 फरवरी के बीच होने वाले राष्ट्रीय खेलों में देश के विभिन्न हिस्सों से 2000 खिलाड़ी और डेलीगेट्स प्रतिभाग करेंगे। श्री पांडे ने खेल विभाग, इवेंट कंपनी और सभी अधिकारियों के साथ बैठक की और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इवेंट कंपनी के साथ बेहतर तालमेल और समन्वय बनाते हुए कार्यों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कुछ विभागों द्वारा तय समय पर कार्य पूरे नहीं किए जाने को गंभीरता से लिया और उप खेल निदेशक को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों के द्वारा नियत तिथि पर कार्य पूरा नहीं किया गया है। उसकी जानकारी साझा करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को हिदायत दी है कि किसी भी प्रकार की गलती और लापरवाही को क्षमा नहीं की जाएगी। सीडीओ ने फुटबॉल और मॉडर्न पेंटाथलॉन के मैदान तैयार होते ही ट्रायल मैच करने के साथ ही खेलों के लिए रूट फाइनल करने के निर्देश दिए। जिससे पार्किंग स्थल, खिलाड़ियों के ठहरने और खान पान की आदि की समुचित व्यवस्था की जा सके। गरुड़ताल तथा साततल में माउंटेन बाइकिंग के रूट को तीन दिन के भीतर सत्यापन करने के निर्देश दिए।

## आस्ट्रेलिया में मिली हार की वजह तलाशेगा बीसीसीआई

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) पिछले दिनो आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मिली हार की समीक्षा करेगा। उम्मीद है कि होने वाली इस बैठक में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर भी विचार विमर्श होगा।गौरतलब है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार के बाद भारत ने हाल ही में संपन्न आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रखंला 1-3 से गंवा दी थी। हार में टाप आर्डर और मिडिल आर्डर की विफलता को मुख्य कारण माना जा रहा है। बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार मुख्य कोच गौतम गंभीर की मौजूदगी में होने वाली बैठक में चैंपियंस ट्राफी में टीम के प्रमुख बल्लेबाज रोहित शर्मा और कोहली को खुद को साबित करने का मौका दिया जा सकता है। हालांकि इसके बाद टीम में व्यापक फेरबदल की संभावना है।

## भारत-इंग्लैंड के बीच पहले टी20 के लिए टिकट की बिक्री शुरू

**चेन्नई।** भारत और इंग्लैंड के बीच 25 जनवरी को यहां खेले जाने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए टिकटों की बिक्री रविवार से शुरू होगी। तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि टिकटों की कीमत 1500 रुपये से शुरु होंगी जिसकी अधिकतम कीमत 12 हजार रुपये रखी गयी है। क्रिकेट प्रेमी अपने टिकट ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म 'डिस्ट्रिक्ट बाय ज़ोमैटो' मोबाइल ऐप या आधिकारिक वेबसाइट से बुक कर




सकते हैं। एमए चिंदबरम मैदान में खेले जाने वाले मैच के लिये कार पार्क और दोपहिया पार्किंग कलैवनार अरंगम (वल्लाजाह रोड) पर उपलब्ध रहेगी जबकि कार पार्किंग चेपक रेलवे कार पार्किंग, विक्टोरिया हॉस्टल (विक्टोरिया हॉस्टल रोड), ओमनदुरार मेडिकल महाविद्यालय परिसर में रखी गयी है। स्टेडियम को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है और कोई प्लास्टिक बैग या कोई अन्य प्लास्टिक ले जाने की इजाजत नहीं होगी। सभी स्टैंडों में जनता और ऑनलाइन खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए मुफ्त पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। गेट पर बारकोड/क्यूआर कोड के साथ ई-टिकट स्कैन करके प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। प्रवेश द्वार मैच से दो घंटे पहले खोले जाएंगे।

# आईएसएलः मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने बेंगलुरू एफसी को दी अप्रत्याशित हार

**एजेंसी**

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू एफसी को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में अप्रत्याशित हार का मुंह देखना पड़ा, जब मेजबान टीम को उसी घरेलू मैदान श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अंक तालिका की सबसे निचली टीम मोहम्मडन एससी ने 1-0 से हरा दिया। ब्लैक पैंथर्स की जीत में उज्बेक मिडफील्डर मिर्जालोल कासिमोव ने मैच का एकमात्र गोल 88वें मिनट में दागा। मोहम्मडन स्पोर्टिंग के फ्रेंच सेंटर-बैक फ्लोरेंट ओगियर को डिफेंस में मजबूत प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज हेड कोच जारागोजा की अनुपस्थिति के कारण कमान संभाल रहे सहायक कोच रेनेडी सिंह ब्लूज की इस हार से निश्चित रूप से निराश होंगे। बेंगलुरू एफसी 15 मैचों में आठ जीत, तीन ड्रा और चार हार से 27 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है। वहीं, ब्लैक पैंथर्स द्वारा दूसरी जीत हासिल करने से रूसी हेड कोच



आंद्रेई चेर्निशोव बेहद प्रसन्न होंगे। मोहम्मडन स्पोर्टिंग 15 मैचों में दो जीत, चार ड्रा और नौ हार से 10 अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे नीचे से ऊपर उठकर 12वें स्थान पर आ गई है। मैच का एकमात्र गोल 88वें मिनट में आया, उज्बेक मिडफील्डर मिर्जालोल कासिमोव ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। बॉक्स के बाहर मिली फ्री-किक पर कासिमोव ने लगभग 25 गज की दूरी से करारा शॉट लगाया और गेंद हवा में घुमती हुई डिफेंसिव वॉल के ऊपर से निकल कर लेफ्ट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में जा उलझी जबकि गोलकीपर गुरप्रीत संधू अपने दाहिनी तरफ डाइव लगाकर भी बचाव करने में विफल हुए। पहला हाफ गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ, क्योंकि दोनों ही टीमें गतिरोध तोड़कर बढ़त बनाने में नाकाम रहीं। लिहाजा, हाफ टाइम ब्रेक पर स्कोर 0-0 था। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण बेंगलुरू एफसी का 70 फीसदी रहा। ब्लूज ने 10 प्रयास किए, जिनमें से दो शॉट टारगेट पर रखे लेकिन गोल नहीं आया। वहीं, गेंद पर 30 फीसदी कब्जा रखने वाली मोहम्मडन स्पोर्टिंग की तरफ से छह प्रयास किए गए, जिनमें से केवल एक शॉट टारगेट पर था लेकिन गोल नहीं आया। पूरे हाफ के दौरान मोहम्मडन स्पोर्टिंग बेहद डिफेंसिव रणनीति के साथ नजर आई, जिस वजह से ज्यादातर समय उसी के हाफ में ही गेंद रही और उसने मेजबान टीम को बहुत ज्यादा मौके नहीं दिए। यह आईएसएल में दोनों टीमों के बीच दूसरा मुकाबला था और आज मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने पहली बार जीत हासिल की है जबकि बेंगलुरू एफसी ने एक मैच जीता है। इस परिणाम के साथ ही इस सीजन में दोनों टीमों के बीच मुकाबलों में पलड़ा बराबरी पर रहा।

## महाराष्ट्र ने पंजाब को 70 रन से हराया

**एजेंसी**

**वडोदरा।** अर्शिन कुलकर्णी (107) के शतकीय प्रहार के बाद मुकेश चौधरी (44 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी की मदद से महाराष्ट्र ने विजय हजारे ट्राफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पंजाब को आसानी से 70 रन से हरा दिया। कोटाम्बी स्टेडियम पर महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुये छह विकेट पर 275 रन बनाये जिसके जवाब में पंजाब की पूरी टीम 44.4 ओवरों में 205 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। महाराष्ट्र की जीत में अर्शिन के अलावा अंकित बावने (60) और निखिल नाइक की 52 रनों की धुआंधार नाबाद पारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्लेयर आफ द मैच चुने गये अर्शिन ने अपनी शतकीय पारी में 137 गेंद खेल कर 14 बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया।

पंजाब के अर्शदीप सिंह ने 56 रन देकर तीन विकेट चटकाये जबकि नमन धीर को दो और अभिषेक शर्मा को एक विकेट मिला। चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत फीकी रही और रन गति बढाने के प्रयास में उनके पांच शीर्ष बल्लेबाज महज 79 रन जोड़कर पवेलियन लौट गये। अनमोल प्रीत सिंह (48) एक छोर से अपने साथियों के विकेट उखड़ते देखते रहे। हालांकि निचले क्रम में अर्शदीप ने बेखौफ बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये महज 39 गेंदो में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 49 रन बनाये मगर वह टीम की हार को टालने के लिये अपर्याप्त थे।

## महिला हॉकी इंडिया लीग आईपीएल जैसा ही प्रभाव डालेगी : रानी रामपाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल को उम्मीद है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) युवा लड़कियों के लिए ब्रिस्बेन और उसके बाहर 2032 ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का मंच तैयार करेगी। हाल ही में रोहतक में साई मीडिया से बात करते हुए, रानी को लगता है कि महिला एचआईएल का पहला संस्करण महिला हॉकी को उसी तरह बढ़ाएगा जैसे महिला प्रीमियर लीग ने महिला क्रिकेट के लिए किया था। रांची में 12 से 26 जनवरी के बीच होने वाली पहली महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब शामिल हैं। रानी रामपाल पंजाब के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच के रूप में काम करेंगी। सहायक स्टाफ के रूप में यह उनका पहला कार्यकाल होगा। हरियाणा की 30 वर्षीय खिलाड़ी, जिन्होंने 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, को लगता है कि एचआईएल सही समय पर आई है जब महिला हॉकी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई नहीं करने के बाद बदलाव की कोशिश कर रही है। रानी ने साई मीडिया से कहा, इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में लगातार कांस्य पदक जीते क्योंकि इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग द्वारा रखी गई थी। अब महिला एचआईएल की शुरुआत के लिए धन्यवाद, हमें 2032 और 2036 ओलंपिक में कई प्रतिभाशाली युवा महिलाओं को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते देखने को मिलेगा। यह मंच बेहद उपयोगी साबित होगा। एचआईएल की शुरुआत 2013 में छह पुरुष टीमों के साथ हुई थी। बड़े पैमाने पर व्यावसायिक कारणों से बंद होने से पहले इसे पांच साल तक खेला गया था। इसे सात साल बाद एक अतिरिक्त महिला लीग के साथ पुनर्जीवित किया गया। महिला क्रिकेट की प्रमुखता के संदर्भ में महिला इंडियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की सफलता को याद करते हुए रानी ने आगे कहा, -महिला क्रिकेट के बारे में कोई भी ज्यादा नहीं जानता था, लेकिन अब आप देख रहे हैं कि यह खेल देश में इतना लोकप्रिय कैसे हो गया है। महिला आईपीएल (डब्ल्यूपीएल) के माध्यम से लोगों को इसके बारे में पता चला और उन्होंने इस खेल का अनुसरण करना शुरू कर दिया।

## मलेशिया ओपन सेमीफाइनल: सात्विक-चिराग की जोड़ी को मिली हार

**एजेंसी**

**कुआलालंपुर।** भारत की विश्व नंबर 9 पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सफर मलेशिया ओपन 2025 के सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। खेले गए मुकाबले में उन्हें दक्षिण कोरिया की किम वोन हो और सियो सेउंग जे की जोड़ी से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

दक्षिण कोरियाई जोड़ी ने भारतीय खिलाड़ियों को दमदार प्रदर्शन के बावजूद सीधे सेटों में हराया। भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरुआत की और शुरुआती गेम में 6-11 से पिछड़ गई। कोरियाई खिलाड़ियों ने अपनी मजबूत शुरुआत का फायदा उठाते हुए पहला गेम केवल 19 मिनट में 21-10 से जीत लिया।सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी दूसरे गेम में आधे समय तक 11-8 से आगे थी। हालाँकि, भारतीय अपनी बढ़त का लाभ नहीं उठा सके और



दूसरा सेट भी 15-21 से हार गए। इस तरह भारतीय जोड़ी को 21-10, 21-15 से हार का सामना करना पड़ा।इस हार के साथ सात्विक और चिराग का इस टूर्नामेंट में पहला खिताब जीतने का सपना अधूरा रह गया। सात्विक-चिराग की जोड़ी, जो अपनी आक्रामक शैली के लिए जानी जाती है, ने टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। हालांकि, सेमीफाइनल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी के संयोजन और गति के आगे वे टिक नहीं सके। यह हार भारतीय जोड़ी के लिए एक सीखने का अवसर है, और उम्मीद है कि वे आगामी टूर्नामेंट में मजबूत वापसी करेंगे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तानी स्कवॉड घोषित, टीम में हुए 7 बदलाव

**एजेंसी**

**इस्लाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय पाकिस्तानी टीम की घोषणा की है। चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली क्लीन स्वीप की हार के बाद टीम में सात बदलाव किए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 17 जनवरी दूसरा मैच 25 जनवरी को मुल्तान में खेला जाएगा।

टीम में हुए 7 बदलावः

मोहम्मद अब्बास और नसीम शाह को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टेस्ट टीम से आराम दिया गया है। साथ ही आमेर जमाल और मीर हमजा को भी चयनकर्ताओं ने आराम दिया है। वहीं चोटिल सैम अयूब और खराब फॉर्म में चल रहे अब्दुल्ला शफीक के चलते टीम से बाहर हैं। जबकि विकेटकीपर



हसीबुल्लाह खान की जगह रोहेल नज़ीर को मोहम्मद रिज़वान के बैकअप के तौर पर टीम में जगह दी गई है।

इनकी हुई वापसीः

अबरार अहमद के साथ साजिद खान और बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली की स्पिन तिकड़ी की वापसी हुई है। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलने के बाद टीम में वापसी की है। मोहम्मद हुरैरा को भी वापस लाया गया है। ये दोनों चोटिल सैम अयूब और खराब फॉर्म में चल रहे अब्दुल्ला शफीक की जगह लेंगे। इसके अलावा, टीम में मोहम्मद अली को वापस बुलाया गया है और पहली बार तेज गेंदबाज काशिफ अली का भी चयन हुआ है।

वहीं. कप्तान शान मसूद, उप-कप्तान सऊद शकील, बाबर आजम, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद रिजवान, नोमान अली और सलमान अली आगा ने टेस्ट टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है।

पीसीबी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, कार्यभार प्रबंधन (वर्कलोड मैनेजमेंट) के हिस्से के रूप में आमेर जमाल, मोहम्मद अब्बास, मीर हमजा और नसीम शाह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी को आराम दिया गया है। वहीं. वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को फिरकी में फंसाने के लिए टीम में स्पिनरों को ज्यादा मौका दिया गया है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम

शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, काशिफ अली, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), नोमान अली, रोहेल नज़ीर (विकेटकीपर), साजिद खान, सलमान आगा।

## लैंकशायर के जरिये काउंटी क्रिकेट में वापसी करेंगे एंडरसन

**एजेंसी**

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अगले सीज़न डिवीजन टू काउंटी चैंपियनशिप में वापसी कर सकते हैं। उन्होने कहा कि लैंकशायर के साथ उनकी बातचीत चल रही है। एंडरसन ने पिछले साल जुलाई में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेला था। उन्होंने 21 सालों तक इंग्लैंड के लिए खेलते हुए 26.45 की औसत से 704 विकेट लिए हैं। डेली टेलीग्राफ़ के अनुसार एंडरसन ने लैंकशायर के साथ कम से कम एक फ़ाइनल सीज़न खेलने का वादा किया है। क्लब के लिये उन्होंने 2002 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया। लैंकशायर पिछले सत्र में काउंटी चैंपियनशिप शीर्ष पर नहीं रह सकी, लेकिन एंडरसन ने जून में साउथपोर्ट में नॉटिंघमशायर के खिलाफ़ अपने एकमात्र मैच में 35 रन देकर सात विकेट लेकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपनी स्थायी क्षमता का प्रदर्शन किया था। उनके 2025 सत्र की शुरुआत से उपलब्ध होने की उम्मीद है, जिसमें चार से सात अप्रैल तक लैंकशायर के लिए मिडिलसेक्स के खिलाफ़ लॉर्ड्स में वापसी करेंगे। इस दौरान वह अपनी कोचिंग की भूमिका भी जारी रख सकते हैं।

मई में ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ एकमात्र मैच से पहले वह पांच मैचों में खेल सकते हैं। लैंकशायर का पहला घरेलू मैच चैंपियनशिप के दूसरे दौर में ओल्ड ट्रैफ़र्ड में नॉर्थेंटनशायर के खिलाफ़ होगा, जो 11 अप्रैल से शुरू होगा। एंडरसन लैंकशायर की सफ़ेद गेंद टीम में भी शामिल हो सकते हैं, हालांकि उन्होंने एक दशक से ज़्यादा समय से टी20 क्रिकेट का कोई भी प्रारूप नहीं खेला है।

## श्रीलंका दौरे के लिए 100 प्रतिशत फिट हो जाऊंगा : नाथन लियोन

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने पुष्टि की है कि वह ऑस्ट्रेलिया के श्रीलंका दौरे के दौरान दो टेस्ट खेलने के लिए 100 प्रतिशत फिट होंगे। श्रीलंका दौरा 29 जनवरी से शुरू होगा। श्रीलंका दौरे के लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को राष्ट्रीय टीम का अंतरिम कप्तान नियुक्त किया गया है। स्मिथ पैट कमिंस की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करेंगे, जो पितृत्व अवकाश पर हैं और हाल ही में घरेलू गर्मी के दौरान टखने की हल्की समस्या से उबर रहे हैं। युवा स्पिनर टॉड मर्फी और मैथ्यू कुह्नमैन के साथ नाथन लियोन भी टीम का हिस्सा हैं। उम्मीद है कि यह तिकड़ी श्रीलंका की टर्निंग पिचों पर अहम भूमिका निभाएगी।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान लियोन को कूल्हे में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ा और उन्होंने 36.88 की औसत से नौ विकेट लिए। लियोन ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के हवाले से कहा, यह समझाना



कठिन है; मैं चिकित्सीय दृष्टि से बहुत अच्छा नहीं हूं। यह मेरे कूल्हे में एक छोटे बर्सा [द्रव की थैली] की तरह है। मैंने इसे बढ़ा दिया और यह दर्दनाक रहा है। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद मेरा स्कैन हुआ। सभी चीजें ठीक चल रही हैं, यह ठीक हो रहा है। मैंने दौड़ और जिम सत्र किया। मैं संपर्क से बचने की कोशिश कर रहा हूं। मैं 100 प्रतिशत फिट हो जाऊंगा। लियोन, जिन्होंने 2016 में कोलंबो टेस्ट के दौरान 87 ओवर फेंके थे, उन्हें टर्निंग ट्रैक की नहीं, बल्कि कुछ अच्छे क्रिकेट विकेट की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मैंने मूल रूप से सोचा था कि यह स्पिन के अनुकूल होगा, लेकिन मुझे लगता है कि यह 2022 में दूसरे टेस्ट के समान होगा जब दिनेश चंडीमल ने 206 रन बनाए थे। यह कठिन काम होगा, लेकिन मुझे संदेह है ।

## 50वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप : बालक वर्ग में हरियाणा और बालिका वर्ग में सॉई की टीम बनी चैंपियन

**जेंसी**

**हरिद्वार।** रोशनाबाद इन्डोर स्टेडियम में आयोजित 50वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप का रंगारंग समापन हुआ। चैंपियनशिप में बालक वर्ग में हरियाणा विजेता और उत्तराखंड उपविजेता रहे जबकि बालिका वर्ग में सॉई की टीम विजेता और हरियाणा ने रनरअप का खिताब प्राप्त किया। समापन समारोह में शेर सिंह (स्वतंत्र प्रभार निदेशक, गेल) तथा खानपुर विधायक उमेश शर्मा ने संयुक्त रूप से पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश जोशी ने बताया कि इस आयोजन की विशेषता यह रही कि जहाँ एक ओर कबड्डी में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले भावी खिलाड़ियों का कौशल निखरकर सामने आया तो वहीं दूसरी ओर देश के लिए खेलने वाली नई पौध को ऊर्जा प्रदान करने हेतु भारतीय टीम के कप्तान पद्मश्री एवं अर्जुन अवार्डी अजय ठाकुर, संजीव कुमार, अर्जुन अवार्डी अशोक शिंदे, तेजस्वनी बाई के साथ-साथ विख्यात अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निरंतर आयोजन से जुड़े रहे। इस अवसर पर प्रो-कबड्डी लीग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे जो खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अपनी लीग से जोड़ने का प्रयास करते नजर आए। आज चतुर्थ दिवस में बहुत ही रोमांचक क्वाटर फाइनल हुए। बालक वर्ग में साई व तमिलनाडू का मैच टाई रहा जिसमें 5 रैड में साई ने विजय प्राप्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं यूपी-हरियाणा के मैच में हरियाणा ने 37-27, राजस्थान-आंध्र के मैच में राजस्थान ने 49-34 तथा उत्तराखंड-गोवा के मैच में उत्तराखंड ने 38-27 अंकों के साथ विजय प्राप्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश लिया।

## आइटा टेनिस : उप्र के आर्यन ने दिल्ली के आकाश को दी मात

**एजेंसी**

**लखनऊ।** एसबीआई आइटा मेंस टेनिस प्रतियोगिता के प्रथम राउंड सिंगल के मैच 12 खेले गये। इसमें खिलाड़ियों ने खूब उत्साह दिखाए। प्रथम राउंड में उप्र के आर्यन शर्मा ने कड़े मुकाबले में दिल्ली के आकाश कुमार को मात देकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। वहीं कर्नाटक के श्रेयश ने हरियाणा के मानव मलिक को सीधे मुकाबले में हरा दिया।

आशियाना के उन्नाद टेनिस एकेडमी में खेले गये मुकाबले में ठंड में खिलाड़ियों ने अगले राउंड में प्रवेश के लिए खूब पसीने बहाये। पहला मुकाबला उप्र के आर्यन शर्मा और दिल्ली के आकाश कुमार के बीच हुआ। पहले राउंड में आकाश आगे रहे। वहीं दूसरे और तीसरे राउंड में आर्यन ने अच्छा प्रदर्शन कर 4-6, 6-2, 10-4 से मुकाबला जीत लिया। वहीं दूसरे मुकाबले में कर्नाटक राहुल ने उप्र के रोहिन राज को 6-2, 7-5 से मात दे दी। तीसरे मुकाबले में टक्कर में हराया। वहीं महाराष्ट्र के संकल्प पवार ने महाराष्ट्र के ही रूषिकेश को कड़ी टक्कर में 6-0, 4-6, 10-6 से मात दे दी। उप्र के



कर्नाटक के श्रेयस ने हरियाणा के मानव मलिक को 6-3, 6-4 से हरा दिया।तीसरे मुकाबले में महाराष्ट्र के पार्थ ने दिल्ली के रोहन को कड़ी अनुरोध कुमार ने महाराष्ट्र के अमृत को सीधे मुकाबले में हरा दिया, वहीं महाराष्ट्र के आदित्य ने दिल्ली के सुमित को हरा दिया।

# रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग: त्सेवान चुस्कित की हैट्रिक ने चांगला लामोस को फाइनल में पहुंचाया

**एजेंसी**

**लेह।** चांगला लामोस ने रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन-2 में शैम ईगल्स को 6-3 से हराते हुए महिला फाइनल में जगह बनाई, जिसमें राष्ट्रीय टीम की स्टार त्सेवान चुस्कित की शानदार हैट्रिक शामिल रही। अब उनका मुकाबला 12 जनवरी को मौजूदा चैंपियन मरीयुल स्पामो से होगा। पुरुष वर्ग में डिफेंडिंग चैंपियंस कांग सिंग्स ने पुरीग वॉरियर्स को 2-0 से हराया, और चांगथांग शांस ने हमास वॉरियर्स को 3-0 से मात दी।

**कांग सिंग्स ने पुरीग वॉरियर्स को हराकर फाइनल में जगह बनाई**

रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन-2 के पहले पुरुष सेमीफाइनल में गत विजेता कांग सिंग्स ने एक मजबूत प्रदर्शन करते हुए क़ारगिल की पुरीग वॉरियर्स को 2-0 से हराया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर थी, लेकिन मजबूत रक्षा पंक्ति ने पहले दौर में कोई गोल नहीं होने दिया। कांग सिंग्स ने 26वें मिनट में त्सेरिंग आंगचोक के शानदार रिस्ट शॉट से बढ़त बनाई, जिसे स्टांजिन आंगचोक ने सहारा दिया। नौ मिनट बाद, स्टांजिन लोतोस ने एक और रिस्ट शॉट से कांग सिंग्स की बढ़त को 2-0 कर दिया। अंतिम दौर में, वॉरियर्स ने कुछ मौके बनाए, लेकिन कांग सिंग्स की रक्षा ने उन्हें गोल करने से रोक लिया। कांग सिंग्स ने 2-0 से जीत दर्ज कर लगातार दूसरे साल फाइनल में जगह बनाई।दूसरे सेमीफाइनल में, चांगथांग शांस ने एक शानदार प्रदर्शन करते हुए हमास वॉरियर्स को 3-0 से हराया और लगातार दूसरे साल रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के फाइनल में पहुंच गए। शांस ने 3वें मिनट में कांछोक नामग्याल के गोल से बढ़त बनाई, जिसे त्सेवान डोरजे ने सहारा दिया। इसके बाद, कप्तान चमबा त्सेतन ने सिर्फ दो मिनट में एक और गोल कर दिया और शांस की बढ़त 2-0 कर दी। हालांकि, वॉरियर्स ने कुछ अच्छे मौके बनाए, लेकिन शांस के गोलकीपर



त्सेतन नामग्याल ने शानदार बचाव किया। दूसरे दौर में, दोनों टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई।

अंतिम दौर में, समय समाप्त होने से पहले, चमबा त्सेतन ने एक और गोल किया और अपनी टीम को 3-0 की शानदार जीत दिलाई। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन-2 के आखिरी सेमीफाइनल में चांगला लामोस और शैम ईगल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला हुआ। मैच की शुरुआत में ही शैम ईगल्स ने लबजंग पालमो के गोल से 35 सेकंड के भीतर बढ़त बनाई। इसके तुरंत बाद, चांगला लामोस ने कप्तान त्सेवान चुस्कित के गोल से बराबरी की। 6वें मिनट में रिग्जेन अंगमो ने शैम ईगल्स के लिए एक और गोल किया, लेकिन चांगला लामोस ने फिर से जवाब दिया और 7वें मिनट में डिस्केट अंगमो का गोल हुआ, जिससे पहले दौर का स्कोर 2-2 रहा। दूसरे दौर में, चांगला लामोस ने आक्रामक खेल दिखाया और कप्तान त्सेवान चुस्कित ने 30वें मिनट में अपना दूसरा गोल कर दिया, जिससे उनकी टीम को 3-2 की बढ़त मिली। इसके बाद, पदमा चुस्कित और त्सेवान चुस्कित ने 32वें और 34वें मिनट में गोल किए, जिससे स्कोर 5-2 हो गया। त्सेवान ने फिर अपनी हैट्रिक पूरी की और चांगला लामोस को एक मजबूत 6-3 की जीत दिलाई। इस जीत के साथ, चांगला लामोस महिला फाइनल में जगह बनाने में सफल रही।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 13 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए कार्य हो: राज्यपाल

टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि वहीं शिक्षा सार्थक है जो विद्यार्थी की शारीरिक, बौद्धिक तथा भावात्मक शक्तियों का विकास करे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाने की बजाय रोजगार देने वाले राष्ट्र निमार्ता बनाए। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द को स्मरण करते हुए उनके आदर्श अपनाने का आह्वान किया। बागडे रविवार को विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में डिग्रियां और पदक प्रदान किए और नई शिक्षा नीति के आलोक में विश्वविद्यालयों को ऐसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का निर्माण करने पर जोर दिया जिनसे विद्यार्थी अध्ययन के समय ही अपनी रूचि के व्यावसायिक कौशल में दक्ष हो सके। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा को सदैव "मनुष्य निर्माण" और "मनुष्य के चरित्र निर्माण" का माध्यम माना। उनका विश्वास था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी प्रदान करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है।

## अब्दुल गफ्फार 45 वर्षों से बना रहे पतंगें

टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर।** मकर संक्रांति के दो दिन ही शेष रहे गए है। जयपुर के पतंग बाजार में एक विशेष आकर्षण का केंद्र बने हैं 75 वर्षीय अब्दुल गफ्फार। गफ्फार पिछले 45 वर्षों से राजनेताओं-फिल्मी सितारों और खिलाड़ियों की पतंगें बना रहे हैं। अब तक उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, अखिलेश यादव, अरविंद केजरिवाल, अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे, सचिन पायलट, मुख्यमंत्री भजनलाल, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, विधायक बालमुकुंदाचार्य, अमीन कागजी और रफीक खान सहित कई प्रमुख राजनेताओं की पतंगें तैयार की हैं।

# सीएम योगी ने पीआरडी जवानों को दिया तोहफा

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर 'राष्ट्रीय युवा दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** स्वामी विवेकानंद भारत माता के ऐसे सपूत थे, जिन्होंने भारत की प्राचीन आध्यात्मिक संस्कृति को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। उन्होंने 1893 में शिकागो समिट के जरिये दुनिया को भारत के महत्व, यहां की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में बताया था। स्वामी विवेकानंद अक्सर कहा करते थे कि जितनी बड़ी चुनौती हो, जीत उतनी ही शानदार होती है। यह युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनकी इसी प्रेरणा को आत्मसात करके युवा आगे बढ़ रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन के सभागार में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित "राष्ट्रीय युवा दिवस" पर कहीं। सीएम योगी ने पीआरडी के 35 हजार से अधिक जवानों का मानदेय प्रतिदिन 500 रुपये करने की घोषणा की।

**नशा नाश का कारण बनता है,**



**युवाओं को नशे के खिलाफ लड़ना चाहिये**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय महोत्सव में प्रदेश के 63 नौजवानों ने भाग लिया था। इनमें से तीन ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रदेश के युवाओं के सामने कभी पहचान का संकट था, लेकिन आज यहां का युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है। सीएम ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। सीएम ने प्रांतीय रक्षक दल के मृतक जवानों के चयनित आश्रितों को चयन पत्र भी सौंपा। साथ ही एआई आधारित एकीकृत पोर्टल युवा साथी का शुभारंभ किया, जिसका उपयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से एकीकृत कर युवाओं को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए किया जाएगा। सीएम ने युवा पीढ़ी को आगाह करते हुए कहा कि जो युवा अपनी जवानी में नशे की चपेट में आ जाए, उसका कोई भविष्य नहीं हो सकता है। नशा नाश का कारण बनता है। युवाओं को नशे के खिलाफ लड़ना होगा।

**सौगात**

**राष्ट्रीय युवा दिवस पर बढ़ाया मानदेय, 500 रुपये प्रतिदिन करने की घोषणा की**

इसके लिए युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को भी आगे आना होगा। सीएम ने कहा कि देश में टीबी के खिलाफ अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 तक टीबी को देश से समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए मरीजों को चिह्नित करने के साथ फ्री उपचार और दवा दी जा रही है। सीएम ने कहा कि देश वर्ष 2047 में दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरेगा। उस दिशा में हम सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिये।

**पीआरडी के जवानों का बढ़ाया मानदेय**

सीएम योगी ने पीआरडी के मृतक जवानों के आश्रितों को चयन पत्र वितरित किये। सीएम ने कहा कि 1948 में पीआरडी का गठन किया गया था। सीएम ने पीआरडी के जवानों के विभिन्न प्रशिक्षण पर जोर दिया। बोले-आपदा के समय उनकी बड़ी भूमिका हो सकती है। सीएम ने कार्यक्रम में पीआरडी के जवानों का मानदेय 500 रुपये प्रतिदिन करने की घोषणा की।

**सीएम ने सौंपा प्रमाण पत्र और चेक**

सीएम योगी ने पीआरडी के मृतक जवान के आश्रित बस्ती के मो. अमीर, बस्ती की कमला देवी, कानपुर नगर के माधव अवस्थी, अमरोहा के भपेंद्र और फतेहपुर के चंद्रशेखर को चयन पत्र सौंपा। इसके अलावा विवेकानंद युवा अवार्ड के तहत झांसी के अर्शप्रीत सिंह, बागपत के अमल, गोरखपुर की अर्पिता सिंह, चंदौली के अजीत कुमार सोनी, प्रतापगढ़ के सुंदरम तिवारी, बरेली के सत्यदेव आर्य, गाजीपुर के सिद्धार्थ राय, उन्नाव के अक्षय शुक्ला,

## लाहौल-स्पीति और कुल्लू में ताजा बर्फबारी



टीम एक्शन इंडिया

**कुल्लू। जन**जातीय जिला लाहौल-स्पीति और कुल्लू घाटी में रविवार सुबह ताजा बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति के गोंधला और आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी दर्ज की गई जबकि अटल टनल रोहतांग के उत्तरी और दक्षिणी छोर पर भी हल्की बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति के केलांग में 1 इंच, अटल टनल के पास 2 इंच, और मनाली-एटीआर मार्ग पर 4 इंच बर्फ की मोटी चादर बिछी हुई है। बर्फबारी के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है और पुलिस प्रशासन ने एहतियातन दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने जानकारी दी कि ताजा बर्फबारी और सड़क पर जमी बर्फ के कारण यात्रा जोखिम भरी हो सकती है। हालांकि केलांग से दारचा, केलांग से अटल टनल, एटीआर से मनाली, और तींदी से उदयपुर सड़क मार्ग चौपहिया वाहनों के लिए खुले हैं। काजा से लोसर मार्ग भी वाहनों की आवाजाही के लिए चालू है। दारचा से शिकुंला (कारगिल), दारचा से सरचू (लेह), कोकसर से मनाली वाया रोहतांग, और कोकसर से लोसर वाया कुंजम टॉप जैसे मार्ग बर्फबारी के कारण बंद हैं। ये मार्ग गर्मियों तक बाधित रहेंगे। प्रशासन ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से अपील की है कि वे मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यात्रा करें और अनावश्यक जोखिम न उठाएं।

## युवाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए सबसे बड़े प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए के संदेश को युवा आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी भीतर की शक्ति और क्षमता को पहचाने और अपने सपनों को पूरा करते हुए सफलता की नई उंचाईयों को छूएं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए पूर्ण रूप प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री शर्मा




रविवार को एसएमएस स्टेडियम में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा प्रतिभाओं को महोत्सव में पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आसमान में एक लम्बी उड़ान भरे। प्रदेश का हर युवा विकसित राजस्थान की दिशा में पूरी क्षमता के साथ काम करे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करे।

**युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार**

भजनलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार चार जातियां-युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हम 5 साल में 4 लाख सरकारी भर्ती और निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

## महाकुम्भ में प्रवाहित हो रही त्याग, संयम और संकल्प की त्रिवेणी

टीम एक्शन इंडिया

**महाकुम्भ नगर: संगम किनारे** लगे आस्था के जन समागम महाकुंभ में भक्ति, त्याग और साधना के कई रूप बिखरे पड़े हैं। कल्पवास की परंपरा का निर्वाह कर रहे लाखों कल्पवासियों में इसकी एक झलक देखने को मिल रही है। ऐसे ही एक कल्पवासी है दिनेश स्वरूप ब्रह्मचारी। इनका संकल्प और त्याग सुनकर हर कोई हैरत में पड़ जाएगा।

**41 साल से लगातार कर रहे हैं कल्पवास**



यूपी के बुंदेलखंड के महोबा के रहने वाले दिनेश स्वरूप ब्रह्मचारी के पिता एक विद्यालय में प्राचार्य थे। पिता की मृत्यु के बाद अनुकम्पा में शिक्षक की नौकरी मिली लेकिन उन्होंने नौकरी करने की जगह गृहस्थ जीवन से विरक्त हो गए। दिनेश स्वरूप ब्रह्मचारी की कल्पवास की दुनिया भी अलग है। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर गंगा स्नान करने के बाद वह अपनी पूजा आराधना करते हैं। इसके बाद वह अपने हाथ से दंड धारण करने वाले 51 दंडी स्वामी साधुओं की लिए भोजन तैयार करते हैं। उन्हें भोजन कराते हैं लेकिन खुद भोजन नहीं करते हैं। धरती में ही वह रात्रि में सोते हैं।







